हरिभूमि
रायपुर भूमि

- रेलवे ने कहा- यात्रियों की ओर से कोई शिकायत नहीं, हकीकत : पिछले एक महीने से बनी हुई है समस्या
- प्लेटफॉर्म 5 से 7 पर स्थिति सबसे खराब, हरिभूमि की पड़ताल में पानी का टीडीएस 250 के पार मिला

रेलवे स्टेशन के नलों से आ रहा मटमैला पानी, दांव पर यात्रियों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के नलों से गंदा और मटमैला पानी आने की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले करीब एक महीने से स्टेशन के नलों से लगातार पीला और दूषित पानी आ रहा है। यह समस्या विशेष रूप से प्लेटफॉर्म नंबर 5 से 7 के बीच ज्यादा गंभीर बनी हुई है। हालांकि, स्टेशन पर लगे वाटर कूलर से यात्रियों को साफ पानी मिल रहा है, लेकिन आम नलों से आने वाले पानी का रंग पूरी तरह से बिगड़ चुका है। आशंका जताई जा रही है कि पाइप लाइन में दरार आने या फिल्टरिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण नलों में यह मटमैला ▶▶|शेष पेज 13 पर

ट्रेन छूटने के डर से वाटर कूलर तक नहीं पहुंच पाते लोग

रेलवे स्टेशन के सामान्य नलों से यात्रियों को ठंडा पानी तो मिल रहा है, लेकिन वह पूरी तरह से गंदा और मटमैला है। हर दिन हजारों की संख्या में लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए इन्हीं नलों से पानी भरने को विवश हैं। स्थिति यह है कि कई यात्री पानी का बदला हुआ पीला रंग देखकर उसे पीने से परहेज कर रहे हैं और अपनी जेब से पैसे खर्च कर नया बोतलबंद पानी खरीद रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर हजारों मुसाफिर ऐसे भी हैं, जो मजबूरी में इसी दूषित पानी को भरकर पीने के ▶▶|शेष पेज 13 पर

रेलवे ने कहा
कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है

स्टेशन के नलों से आ रहे गंदे पानी की समस्या पर जब रेलवे प्रशासन से जानकारी ली गई, तो अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अब तक यात्रियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, रेलवे अधिकारियों ने इस बात से इनकार नहीं किया है कि किसी कारणवश नलों में गंदा पानी आ रहा होगा। उन्होंने इस मामले की तत्काल जांच ▶▶|शेष पेज 13 पर

जांच करवाई जाएगी

स्टेशन के नलों से गंदा पानी आ रहा है, इसे लेकर अभी तक यात्रियों की ओर से शिकायत नहीं है। आप बता रहें हैं तो इसकी जांच करवाई जाएगी।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी
सीनियर डीसीएम

खबर संक्षेप

एक सप्ताह में 154 गुंडे-बदमाश भेजे गए जेल

रायपुर। राजधानी में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस फरार वारंटियों, आदतन अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने शहर के मध्य जोन क्षेत्र में 154 गुंडे-बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। जेल भेजे गए आरोपियों में 61 स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी तथा 93 संदिग्धों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। जिनके विरुद्ध कार्रवाई हुई, उनमें कोतवाली थाना क्षेत्र के 19, गोलबाजार 18, मौदहापारा 10, गंज 36, सिविल लाइन 25, तेलीबांधा 34 तथा देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के 12 शामिल हैं।

पांच किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार-

रायपुर। डीडीनगर एवं एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने लगभग 5 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना आरोग्य धाम अस्पताल के पीछे खाली मैदान से चंद्रमणि सूर्यवंशी निवासी ग्राम रिकोकला थाना कसडोल, बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.910 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 45 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में उसके विरुद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

43 स्थाई-गिरफ्तारी वारंटी भेजे गए जेल

रायपुर। शहर के पश्चिम जोन पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 2 दिन में पुरानी बस्ती, डीडीनगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, न्यू राजेंद्र नगर, टिकरापारा एवं मुजगहन थाना क्षेत्र में वारंटियों की तलाश एवं गिरफ्तारी की। इस दौरान कुल 22 स्थायी वारंट एवं 21 गिरफ्तारी वारंटों की तामीली की गई। इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

चाकू लेकर दहशत फैलाते धरा गया बदमाश

रायपुर। चाकू लेकर घुमते हुए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कुकुरबेड़ा स्थित ओवरब्रिज के नीचे हाथ में चाकू लेकर आम लोगों को डराते-धमकाते आरोपी शांतनु सिक्का निवासी ज्योति नगर कोटा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

निगम ने बढ़ाया यूजर चार्ज, 1000 वर्गफीट से अधिक के आवास से वसूले जाएंगे 960 रुपए प्रति वर्ष

कचरा कलेक्शन के लिए जेब थोड़ी और ढीली मकान 10 और दुकान के लिए लगेंगे 30 रुपए ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब नई दर के हिसाब से इसमें 10 रुपए प्रतिमाह वृद्धि होने उपभोक्ता को 80 रुपए मासिक यूजर चार्ज शुल्क और प्रति वर्ष 960 रुपए सालाना यूजर चार्ज का भुगतान करना होगा। इसी तरह निजी स्कूल, कालेज, हॉटल, लॉज, अस्पताल, क्लीनिक, दुकान, मैरिज पैलेस और अन्य व्यवसायिक संस्थानों पर भी संशोधित दरें लागू कर दी गई है। इसके दायर में शहर की करीबन 3.60 लाख संपत्तियां आएंगी। यह संशोधन राजपत्र में प्रकाशित तय नियमों के तहत किया गया है, जिसमें हर तीन साल में यूजर चार्ज की समीक्षा का प्रावधान है। दरअसल, प्रापर्टी टैक्स के लाइव पोर्टल में अपग्रेडेशन के साथ यूजर चार्ज का पुनर्निधारण कर इसकी नई संशोधित दर लागू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक 27 मई से बढ़ा हुआ यूजर चार्ज प्रभावी हो गया है। जिसके हिसाब से आवासीय में 10 रुपए प्रति माह और व्यवसायिक प्रापर्टी में 30 रुपए प्रतिमाह यूजर चार्ज को बढ़ाया गया है। यूजर चार्ज में यह वृद्धि शहर के 3.60 लाख आवासीय और व्यवसायिक प्रापर्टी पर लागू हो गई है। इसी तरह रेस्टारेंट में कुर्सी की संख्या और अस्पताल में बेड की संख्या के आधार पर यूजर चार्ज की दर निर्धारित है। हॉटल व लॉन में कमरों की संख्या के आधार शुल्क तय है।

शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन अब थोड़ा और महंगा हो गया है। रायपुर नगर निगम ने आवासीय प्रापर्टी में 10 रुपए और व्यावसायिक संपत्ति के यूजर चार्ज में 30 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि कर दी है। यह वृद्धि मकान के आकार आधार पर स्लैब वाइज की गई है। 1 हजार वर्गफीट से अधिक वाले मकान से पूर्व में 70 रुपए मासिक यूजर चार्ज शुल्क तय था, इस तरह एक वर्ष में 840 रुपए यूजर चार्ज देना पड़ता था।

निजी शैक्षणिक संस्थान पर वर्तमान यूजर चार्ज इस तरह :

प्राथमिक शाला	350 रुपए प्रतिमाह	सालाना 4200 रु.
उच्चतर माध्यमिक शाला	1100 मासिक	13,200 रुपए
निजी महाविद्यालय	1300 रुपए	15,600 रुपए
निजी विश्वविद्यालय	1700 रुपए	20,400 रुपए

निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, क्लीनिक

	पूर्व में यूजर चार्ज	वर्तमान दर
क्लीनिक -	1500 रुपए मासिक	2000 रुपए प्रति माह
पैथालॉजी लैब -	1500 रुपए	2000 रुपए मासिक
अस्पताल नर्सिंग होम	20 बिस्तर से कम 1500	2000 रुपए मासिक

हर तीन साल में यूजर चार्ज वृद्धि का नियम

नगरीय प्रशासन विभाग शासन के निर्धारित मापदंड के अनुसार वर्ष 2017 में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए यूजर चार्ज तय किया था। नियम अनुसार हर तीन साल में यूजर चार्ज में बढ़ोतरी का नियम है। अब तक इसमें दो बार बढ़ोतरी की जा चुकी है। धर्मशाला में प्रति कमरा यूजर चार्ज शुरूआत में 10 रुपए प्रति माह और सालाना 120 रुपए रहा। साल 2021 में इसमें 10 रुपए वृद्धि की गई इस तरह 20 रुपए मासिक और सालाना 240 रुपए यूजर चार्ज की राशि निर्धारित रही। वर्तमान में इसकी दर बढ़कर 30 रुपए प्रतिमाह की गई है यानी एक साल में प्रति कमरा 360 रुपए यूजर चार्ज देय होगा। इसी तरह ऐसे रेस्टारेंट जहां ग्राहक कुर्सियां25 से कम होने पर 300 रुपए मासिक यूजर चार्ज , 26 से 50 कुर्सियां होने पर 400 रुपए महीना यूजर चार्ज देय होगा। 50 से अधिक ग्राहक कुर्सियां वाले रेस्टारेंट संचालक को हर महीने 600 रुपए यूजर चार्ज और साल में 7200 रुपए यूजर चार्ज की राशि नगर निगम को प्रापर्टी टैक्स के साथ भुगतान करनी होगी।

यूजर चार्ज वृद्धि जनता के साथ छलावा : आकाश तिवारी

नगर निगम द्वारा संपत्ति कर के साथ लिए जाने वाले मासिक यूजर चार्ज शुल्क में बढ़ोतरी का नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने विरोध किया है। इस फैसले पर महापौर मीनल चौबे की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए श्री तिवारी इसे रायपुर की जनता के साथ सीधा अन्याय और छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि शहर की जनता एक और बोझ लादते हुए गुपचुप तरीके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए जाने वाले यूजर चार्ज में बढ़ोतरी की गई है।

इसका असर राजधानी के 70 वार्डो की जनता और व्यापारियों की जेब पर पड़ेगा। आकाश तिवारी ने कहा है एक तरफ जहां पूरे शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है, वहीं दूसरी ओर लोगों के घरों से नियमित रूप से कचरा नहीं उठ रहा है, इससे जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। आवासीय और व्यवसायिक दोनों ही क्षेत्रों में लोगों को अब हर माह अधिक टैक्स चुकाना होगा। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने शहरी सरकार हमला बोलते हुए कहा कि शहर में चारों ओर गंदगी पसरी हुई है, नालियां जाम है और सफाई व्यवस्था ठप है।

आंधी-बारिश के बीच पारा चढ़ने के संकेत, अभी उमस वाली गर्मी कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य से काफी नीचे गए तापमान के पुनः चढ़ने के संकेत हैं। इस बीच दोपहर बाद राजधानी समेत प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में अंधड़, बारिश की स्थिति बनने की संभावना भी है। अभी तेज के बजाए उमस वाली गर्मी परेशान करने के आसार ज्यादा हैं। आने वाले दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून की गतिविधि देश में बढ़ने का अनुमान है, जो वातावरण में चिपचिपाहट बढ़ाएगी।

- देश में मानसून की गतिविधि बढ़ने के साथ राज्य में बढ़ेगी चिपचिपाहट

सोमवार को रायपुर समेत मध्य इलाके के अधिकतम तापमान में काफी गिरावट हुई थी। इस दौरान गर्मी और तेज धूप से भी राहत मिली थी। मंगलवार को गर्मी ने अपना थोड़ा असर दिखाया। शहर का तापमान बढ़कर 40 डिग्री होने की वजह से धूप में तेजी महसूस हुई। मौसम विभाग के ▶▶|शेष पेज 13 पर

नौतपा समाप्त, पांच दिन झुलसता रहा प्रदेश

25 मई से शुरू हुआ नौतपा मंगलवार 2 जून को समाप्त हो गया। नौ दिन में शुरुआत के पांच दिनों तक समूचा प्रदेश भारी गर्मी से झुलसता रहा। नौ दिन की इस अवधि में राज्य का सर्वाधिक तापमान पहले दिन 46.5 राजनांदगांव का रिकार्ड किया गया और उस दिन राजधानी के लोगों ने 45 डिग्री गर्मी झेलनी पड़ी। मई के अंतिम दो दिन और जून के शुरुआत के दो दिन नौतपा के अंतिम दौर में तापमान 40-42 डिग्री के आसपास घूमता रहा।

किराए की दुकान से चल रहा था अवैध कारोबार

छापे में 46 क्विंटल दानेदार व 35 लीटर तरल खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरीफ सीजन के लिए एक ओर जहां किसान लगातार खाद, बीज एवं यूरिया की कमी जैसी समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस अवसर का फायदा उठाने के लिए कई कारोबारी सक्रिय हो गए हैं, जो नियम विरुद्ध एवं अवैध रूप से खाद, यूरिया की बिक्री कर मोटी कमाई कर रहे हैं। जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलई में एक दुकान में छापा मारा और यहां से 46 क्विंटल दानेदार खाद तथा 35 लीटर तरल उर्वरक जब्त किया, जिसकी कीमत अभी आंकी नहीं गई है, लेकिन बाजार में इसकी कीमत लाखों में है।

कृषि विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग में शिकायत मिली थी कि ग्राम कलई आरंग में कुछ बाहरी लोग आकर खाद का ▶▶|शेष पेज 13 पर

दुकान मालिक के विरुद्ध भी बनेगा प्रकरण

इस मामले में दुकान के मालिक नागेश्वर साहू पर भी प्रकरण बनेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस दुकान में लगभग दो महीने से कृषि विभाग से लाइसेंस लिए बिना खाद का अवैध कारोबार चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसकी जानकारी दुकान के मालिक को भी थी। अगर जानकारी नहीं थी, तो भी बिना जांच-पड़ताल किए एवं पुलिस को सूचना दिए बिना दुकान को ऐसे लोगों को किराए पर देना भी अपराध की श्रेणी में है, जिनके द्वारा किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार किया जा रहा है।

एफआईआर का प्रावधान

नियमों के विरुद्ध तथा अवैध रूप से खाद बिक्री पर दुकान का लाइसेंस निरस्त करने से लेकर एफआईआर कराने का प्रावधान है। देखना यह है कि इन दोनों मामलों में क्या कार्रवाई की जाती है।

नजर रखे हुए हैं

खाद, बीज के अवैध कारोबार पर नजर रखे हुए हैं। आरंग में कार्रवाई कर एक किराए की दुकान से लाखों की कीमत का दानेदार एवं तरल खाद जब्त किए हैं। कानूनी कार्रवाई के लिए कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपी गई है।

- सतीश अवस्थी
उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर

गुड़गांव हरियाणा के लोग किराए की दुकान से घूम-घूमकर कर रहे थे अवैध बिक्री

यह दुकान नागेश्वर साहू की है, जिसे उनके द्वारा मेसर्स पुलकित बायो फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव हरियाणा निवासी नवनीत कुमार को किराए पर दे रखा था। नवनीत के साथ खाद का अवैध कारोबार में मंजित सिंह एवं शिवम पाल नामक दो अन्य व्यक्ति भी जुड़े हुए थे। ये तीनों ग्रामों में घूम-घूमकर खाद का ऑर्डर लेकर महंगे दाम पर उसे बेचा करते थे। इसकी जानकारी जब गांव के लोगों को हुई तो वे दुकान बंद ▶▶|शेष पेज 13 पर

ऑनलाइन सट्टा, मुख्य सरगना गिरफ्तार

रायपुर। कबीरनगर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले मुख्य आरोपी अमित जंघेल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पूर्व में रेलवे पटरी के पास आकाश तांडी एवं मो. आरिफ को ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया था। दोनों के कब्जे से 4 लाख 97 हजार रुपए एवं 4 मोबाइल जब्त किए थे। इन आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने लोकेश अग्रवाल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बरामद 2 मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा एप ऑलपैनल777डॉटनॉव का मास्टर पैनल सक्रिया अवस्था में पाया था। लोकेश से पूछताछ में खुलासा हुआकि ऑनलाइन सट्टे की मुख्य आईडी अमित जंघेल निवासी शिवानंद नगर खमतराई ने उसे दी थी। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूर्व में भी क्रिकेट सट्टा प्रकरण में जेल जा चुका है। इस प्रकरण में अब तक 4 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

मिवान स्टील प्लांट में भीषण आग, ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बुझी, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कई प्लांट में एक के बाद एक आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। ऐसी ही घटना मंगलवार को राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद स्थित मिवान स्टील लिमिटेड प्लांट में घटी। सुबह करीब साढ़े 5 बजे इस प्लांट में आग इतनी भीषण लगी कि इसे बुझाने में दमकल विभाग कर्मियों को लगभग ढाई घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने का कारण टरवाइन-3 में पाइप लाइन में तेल लीकेज आना बताया गया है। आग इतनी तेजी से फैली कि उसकी लपटें और धुंआ कई किलोमीटर दूर से भी लोगों ▶▶|शेष पेज 13 पर

आग बुझाने के बाद पुलिस को सूचना मिली

मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित मिवान स्टील प्लांट में सुबह करीब 5.30 बजे आग लगी थी। आग लगने की सूचना पुलिस को लगभग 9 बजे प्लांट प्रबंधक की ओर से दी गई। सूचना पर पुलिस जब मौके पर पहुंची, तो ▶▶|शेष पेज 13 पर

घटना के समय ड्यूटी पर नहीं थे कर्मचारी

थाना प्रभारी ने बताया कि प्लांट प्रबंधक ने उन्हें जानकारी दी है कि घटना के समय जहां आग लगी, वहां काम नहीं चल रहा था। सुबह का शिफ्ट शुरू होता, उससे पहले ही आग लग गई, जिससे जान-मान का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

एफएमजी के इंटर्नशिप के लिए राज्य में कुल 1089 सीटें, आवेदन 9 जून तक

विदेश से लौटे एमबीबीएस डाक्टरों के इंटर्नशिप के लिए 949 सीटें खाली, पहले दौर में 140 एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे डाक्टरों को छत्तीसगढ़ के शासकीय एवं निजी कालेज में इंटर्नशिप के लिए खाली सीटों पर प्रवेश का दूसरा मौका दिया गया है। पहले राउंड में 140 डाक्टरों ने प्रवेश लिया है। चिकित्सा के प्रायोगिक ज्ञान के लिए यह इंटर्नशिप लगभग जरूरी होता है। इस दौरान एफएमजी छात्रों को शिष्यवृति भी प्रदान की जाती है। राज्य के 15 चिकित्सा महाविद्यालयों में इसके लिए कुल

1089 सीट है। मान्यता प्राप्त देश में चिकित्सा की पढ़ाई कर लौटे फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एफएमजी की परीक्षा पास करने के बाद देश में उपचार व्यवस्था के ज्ञान के लिए इंटर्नशिप अथवा क्लर्कशिप करते हैं। सालभर से इस इंटर्नशिप के दौरान उन्हें स्टाइपेंड भी दिया जाता है। पहले राउंड में निजी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में तय सीटों में प्रवेश के लिए हुई काउंसिलिंग के दौरान 142 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया था। इसमें से 140 लोगों ने प्रवेश लिया और 2 ने सीटें त्याग दी थीं। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दूसरे राउंड में प्रवेश के लिए पुनः काउंसिलिंग का आयोजन कर रहा है। इसके लिए 9 जून तक निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन मंगाए गए है। इसमें छत्तीसगढ़ के स्थानीय छात्रों के लिए कुल 11 हजार तथा अन्य राज्यों के छात्रों के लिए 26 हजार फीस निर्धारित है। दूसरे राउंड में चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्नशिप के लिए 949 सीट शामिल है।

रायपुर में 9 सीट बाकी

इस इंटर्नशिप के लिए जीएमसी रायपुर में 9, राजनांदगांव में 2, सीएमसी में 186, महासमुंद में 104, कांकेर में 9, जगदलपुर में 2, कोरबा में 112, रायगढ़ में 40 तथा अंबिकापुरस में 1 सीट बाकी है। वहीं पांचों निजी मेडिकल कालेजों में बड़ी संख्या में एफएमजी इंटर्न की सीट खाली है। जानकारों का कहना है कि इस इंटर्न और मेडिकल काउंसिल में पंजीयन के बाद एफएमजी डाक्टर छत्तीसगढ़ प्रेक्टिस अथवा अस्पतालों में सेवा दे सकते हैं।

शास्त्रसम्मत परंपराओं का पालन ही सनातन की असली मर्यादा : दण्डी स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

श्री बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण, आरंग में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित सप्त दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ के दौरान परम पूज्य दण्डी स्वामी इन्दूभवानन्द महाराज जी का दिव्य सान्निध्य प्राप्त हुआ। महायज्ञ की वैदिक व्यवस्था, अनुशासन, श्रद्धालुओं की सहभागिता एवं सनातन धर्म के प्रति समर्पण को देखकर महाराज श्री अत्यंत प्रसन्न हुए तथा श्री परशुराम पुरोहित वैदिक संस्थान, आरंग द्वारा किए जा रहे धर्म एवं समाजहित के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। महाराज श्री ने संस्थान के संस्थापक एवं समन्वयक पं. अविनाश शर्मा के प्रयासों की विशेष सराहना करते हुए कहा कि अल्पायु में धर्म, संस्कृति एवं वैदिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनका समर्पण प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि संस्थान जिस प्रकार सनातन धर्म जागरण, वैदिक संस्कारों के संरक्षण एवं सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रहा है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है।

दण्डी स्वामी इन्दूभवानन्द महाराज ने की वैदिक संस्थान की सराहना

धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता का महापर्व

उल्लेखनीय है कि महायज्ञ के सफल संचालन हेतु गठित सर्व सनातनी समाज आयोजन समिति में रमन जलक्षत्री, बलराम जलक्षत्री एवं भरत जलक्षत्री संरक्षक, डॉ. तेजराम जलक्षत्री व्यवस्था प्रमुख, लक्ष्मीचंद लोधी अध्यक्ष, हेमंत गुप्ता उपाध्यक्ष, दीपक जलक्षत्री सचिव, लक्ष्मण पाल सहसचिव, रूपेश जलक्षत्री कोषाध्यक्ष, अविनाश (विक्की) साहू उप कोषाध्यक्ष तथा जगमोहन सोनकर एवं ईश्वर पटेल (पार्षद, वार्ड क्रमांक 4) सलाहकार के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान किए। महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कथा, यज्ञ, परिक्रमा एवं धर्मश्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। संपूर्ण बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण वैदिक मंत्रोच्चार, रामनाम एवं भक्तिमय वातावरण से आरंग नगरी आलोकित हो उठा। यह महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आरंग की धार्मिक चेतना, सामाजिक एकता एवं सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का महापर्व बन गया।

महाराज श्री ने भविष्य में भी संस्थान के साथ जुड़े रहने तथा धर्मकार्य एवं सनातन उत्थान के अभियानों में अपना मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। महायज्ञ में श्री परशुराम पुरोहित वैदिक संस्थान के मुख्य सलाहकार आचार्य पं. नरेंद्र द्विवेदी ने उद्गाता के रूप में वैदिक अनुष्ठानों का संचालन किया। संस्थान के अध्यक्ष आचार्य पं. ध्रुव नारायण शुक्ला जी ने ब्रह्मा के रूप में संपूर्ण यज्ञीय कार्यों का मार्गदर्शन किया तथा संस्थान के सचिव पं. राजेश शर्मा ने मुख्य यजमान के रूप में महायज्ञ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में श्रीमद्भागवत महापुराण की शास्त्रीय परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्रों में भागवत कथा का मूल विधान सप्त-दिवसीय (सप्ताह) स्वरूप में वर्णित है। उन्होंने स्कंदपुराण में वर्णित प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भक्ति के दुःख निवारण हेतु देवर्षि नारद ने सनक, सनंदन, सनातन एवं सनत्कुमार से मार्गदर्शन प्राप्त किया, तब उन्हें "सप्ताह वाचनं कुरु" का उपदेश दिया गया।

खबर संक्षेप

वार्ड 3 में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

आरंग। नगर पालिका परिषद आरंग के वार्ड क्रमांक 03 में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। श्री चंद्र लोधी के घर से हनुमान मंदिर तक बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन एवं वार्ड पार्षद नरेन्द्र लोधी द्वारा किया गया। इस निर्माण कार्य पर लगभग 8.43 लाख रुपये की लागत आएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव मिर्धा उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षद संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि एवं महामंत्री राकेश सोनकर, गोलू (वीरेन्द्र) कंडरा, खिलेश धुरंधर, विक्रम परमार, डॉ. तोषण साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता के.के. भारद्वाज, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक चंद्राकर, खूबचंद साहू, नरेन्द्र लल्ला साहनी, बूथ अध्यक्ष कुलेश्वर लोधी, शत्रुघ्न लोधी, वीरेन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आवश्यक अधोसंरचना विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। नई सड़क के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी। भूमिपूजन के दौरान उपस्थित नागरिकों ने विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण की अपेक्षा जताई।

समोदा में विकास कार्य ठप, पार्षदों में नाराजगी

आरंग। नगर पंचायत समोदा में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। सड़क, नाली, सफाई, पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हैं। महीनों से कोई नया काम शुरू नहीं हुआ है और चल रहे प्रोजेक्ट भी अधूरे पड़े हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि सत्ता पक्ष के पार्षद भी सरकार की कार्यशैली से नाराज हैं। पार्षदों का आरोप है कि बार-बार मांग और ज्ञापन देने के बावजूद फंड जारी नहीं हो रहा है तथा अधिकारियों द्वारा भी सुनवाई नहीं की जा रही है। इससे जनता के काम अटक गए हैं और क्षेत्र में असंतोष बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। ठप पड़े विकास कार्यों से व्यापारियों और आम नागरिकों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजूराम वंशे ने मांग की है कि नगर पंचायत समोदा के रुके हुए विकास कार्यों को तत्काल शुरू कराया जाए।

भाजपा नेत्री और पंच ने उठाए गुणवत्ता पर सवाल, जनपद सीईओ ने दिए जांच के आदेश

सिलयारी हाई स्कूल का टिन शेड निर्माण विवाद 10 लाख रुपए के काम में अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

क्षेत्र के प्रतिष्ठित डॉ. खूबचंद बघेल हाई स्कूल, सिलयारी में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए किए जा रहे टीन शेड निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामग्री उपयोग एवं पूर्व में हुए निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद जनपद पंचायत प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। विद्यालय में लंबे समय से प्रार्थना सभा एवं अन्य आयोजनों के दौरान विद्यार्थियों को धूप में खड़ा होना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी की पहल पर लगभग 10 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया।

जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है तथा निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में स्वीकृत विकास कार्यों में यदि किसी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं वार्ड पंच दिलेंद्र यदु ने भी आरोप लगाया कि पूर्व में विद्यालय परिसर में निर्मित टीन शेड कुछ वर्षों में ही क्षतिग्रस्त हो गया था। उनका कहना है कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता की कमी और जिम्मेदार लोगों की मिलीभगत से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने लगाए अनियमितता के आरोप

कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पूर्व में शाला विकास समिति के लगभग 2.50 लाख रुपये के फंड से बिना तकनीकी स्वीकृति एवं विभागीय अनुमोदन के निर्माण कार्य कराया गया था, जो बाद में क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विद्यालय में सामग्री खरीद में अनियमितताएं हो रही हैं तथा बाजार मूल्य से अधिक दरों पर सामान खरीदा जा रहा है। ग्रामीणों और पालकों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही शाला विकास समिति के गठन और उसके कार्यों की भी जांच की मांग की गई है।

शाला विकास समिति ने आरोपों को बताया निराधार

दूसरी ओर, शाला विकास समिति ने चौकी प्रभारी सिलियारी को लिखित शिकायत देकर आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। समिति का कहना है कि विद्यालय परिसर में टीन शेड का निर्माण समिति की स्वीकृति एवं प्रस्ताव के अनुसार कराया गया था। समिति के अनुसार हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण पुराने शेड का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसके बाद मरम्मत और नए निर्माण कार्य किए गए। समिति ने यह भी दावा किया कि डीएमएफ मद से निर्मित नवीन प्रार्थना शेड के संबंध में कुछ लोग भ्रम फैलाकर विद्यालय, ग्राम पंचायत एवं शाला विकास समिति की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। शाला विकास समिति ने आरोप लगाने वालों के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

प्रशासन ने दिए जांच के निर्देश

मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष केशरवानी ने आरईएस विभाग के एसडीओ को स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के अनुसार शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच प्रारंभ कर दी गई है और रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मिवान स्टील प्लांट में लगी आग, बाल-बाल बचे सैकड़ों लोग

मंदिर हसौद। प्रदेश मुख्यालय से रायपुर 12 किलोमीटर दूरी स्थित नगर पालिका मंदिर हसौद कुरूद में संचालित मीवान स्टील प्लांट संयंत्र में मंगलवार सुबह 5:15 एक बड़ा हादसा होते होते बचा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 5.15 बजे संयंत्र में काम चल रहा था की अचानक पावर सप्लाई पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण आइल सीपेज हो रहे थे। जिसमें आग लग गया और आग तेज गति से संयंत्र में फलने लगा जिसमें समय रहते मीवान स्टील प्लांट की दमकल टीम के द्वारा आग पर नियंत्रण पा लिया गया। जहां बड़ी घटना होने से बाल बाल बचे तथा जहां किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, समय पर नियंत्रण नहीं होती तो हो सकता था बड़ी घटना स्टील प्लांट के कुछ ही दूरी कॉलोनी और पेट्रोल पंप स्थित है। तथा गैस गोडाउन वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन का भी गोदाम स्थित है जहां हजारों टन चावल डम किए हुए हैं। साथ ही सैकड़ों मजदूर नियमित काम करने कंपनी पहुंचते हैं। तथा स्टील प्लांट के 1 किलोमीटर की दूरी पर आरंग विधानसभा के सबसे बड़ी संख्या और घना आबादी वाले क्षेत्र मंदिर हसौद है आज में झुलझने से बाल बाल बचे। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव और दमकल की टीम पहुंचे और आग पर नियंत्रण पा लिया गया।

घर से पौने 4 किलो गांजा व गोगो पेपर जब्त, महिला तस्कर गिरफ्तार

तिल्दा-नेवरा। तिल्दा-नेवरा शहर सहित क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके बावजूद नशा तस्करी का नेटवर्क पूरी तरह थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस अवैध कारोबार में महिलाओं की संलिप्तता भी सामने आने लगी है। मंगलवार को तिल्दा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला के घर छापा मारकर लगभग पौने चार किलो गांजा तथा नशे में उपयोग किए जाने वाले 33 नग गोगो पेपर बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महिला भारती भगवानी के कब्जे से गांजा और अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए। मामले में पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। नशे के अवैध व्यापार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दो महीनों के दौरान तिल्दा-नेवरा पुलिस नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक आरोपी गिरफ्तार होकर जेल पहुंच चुके हैं। इससे पहले भी तिल्दा बस्ती स्थित अटल आवास के पास दो मंजिला मकान में रहने वाली एक महिला के घर छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा, नशीली गोलियां तथा दो बटनदार चाकू बरामद किए गए थे। उस मामले में भी आरोपी महिला और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

खाद संकट पर सिलयारी में किसानों का प्रदर्शन, चक्काजाम की दी चेतावनी

सिलयारी। प्रदेश में खाद की कमी को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में सिलयारी, कुरूद और तरेसर क्षेत्र के किसानों ने सहकारी समिति के सामने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। किसानों ने समिति प्रबंधक के माध्यम से कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की और चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर जल्द ही उग्र आंदोलन एवं चक्काजाम किया जाएगा।

प्रदर्शन का नेतृत्व किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में खाद की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है और किसान लगातार परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले वर्ष किसानों को पंजीयन, गिरदावरी, अनावरी रिपोर्ट, ऑफलाइन एवं ऑनलाइन टोकन जैसी प्रक्रियाओं के कारण धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था, वहीं अब खाद की कमी से खेती प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि इस वर्ष समितियों के माध्यम से प्रति एकड़ खाद वितरण की मात्रा कम कर दी गई है। पहले जहां किसानों को एक बोरी डीएपी, दो बोरी यूरिया तथा पर्याप्त मात्रा में पोटाश मिलती थी, वहीं अब सीमित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों का कहना है कि इससे उत्पादन में कमी आएगी और उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सहकारी समितियों में खाद की कमी बताई जा रही है, जबकि निजी खाद दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, लेकिन ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। किसानों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें निजी दुकानों से अधिक कीमत चुकाकर खाद खरीदनी पड़ रही है।

किसान नेता उधोराम वर्मा ने मांग की कि किसानों को पूर्व वर्षों की तरह पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया, पोटाश एवं राखड़ उपलब्ध कराया जाए। साथ ही पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को दो चरणों में खाद वितरण की अनिवार्यता समाप्त की जाए तथा निजी दुकानों में भी सरकारी दरों पर खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने किसानों से अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज उठाने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान रूपचंद वर्मा, लोकनाथ साहू, तिलक वर्मा, सुखचंद साहू, प्रेमलाल निषाद, प्रकाश ठाकुर, तुलाराम, घनश्याम वर्मा, कन्हैया यादव, सुरेश वर्मा, शेखर यादव, कुमार सेन, दौलत बघेल, मनोज शर्मा, प्रेम मांडे, विजय जायसवाल, रामकुमार वर्मा, विजय चेलक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कैलाश ठाकुर पुनः आरंग सेन समाज के अध्यक्ष निर्वाचित

आरंग। आरंग सेन समाज की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई, जिसमें समाज के पदाधिकारियों का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का चयन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की। सर्वसम्मति से कैलाश ठाकुर को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं आकाश सेन एवं राजेन्द्र सेन को उपाध्यक्ष, प्रवीण सेन को सचिव तथा गौरव सेन को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया। पप्पी ठाकुर एवं निहाल सेन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपक सेन, सुरेश सेन, उमेश सेन, ओंकार सेन, अज्जू सेन एवं सतीश सेन का चयन किया गया। वहीं पुरुषोत्तम ठाकुर, प्रहलाद सेन, तरुण सेन एवं नरेश सेन को संरक्षक बनाया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। समाजजनों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पहला व्यापार अनुज्ञप्ति पत्र एचडीएफसी बैंक को जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा ने नगर क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों के नियमन एवं सुव्यवस्थित संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर की प्रथम व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लाइसेंस) एचडीएफसी बैंक को जारी की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बैंक प्रबंधन को विधिवत व्यापार अनुज्ञप्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि व्यापार अनुज्ञप्ति व्यवस्था का उद्देश्य नगर क्षेत्र में संचालित सभी व्यवसायों का विधिवत पंजीयन एवं नियमन सुनिश्चित करना है। इससे व्यवसायों की वैधानिक पहचान स्थापित होगी तथा नागरिक सुविधाओं, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी मानकों के प्रभावी पालन में सहायता मिलेगी। साथ ही नगर प्रशासन को भी आवश्यक व्यवस्थाओं और सेवाओं के बेहतर संचालन में सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा व्यापार अनुज्ञप्ति व्यवस्था लागू किए जाने से नगर में व्यवसायिक गतिविधियों का व्यवस्थित अभिलेखीकरण होगा और पारदर्शी एवं नियमबद्ध व्यापारिक वातावरण का निर्माण सुनिश्चित किया जा सकेगा। नगर पालिका परिषद ने क्षेत्र के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानदारों, सेवा प्रदाताओं एवं अन्य व्यवसाय संचालकों से अपने-अपने व्यवसाय हेतु आवश्यक व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करने की अपील की है। बिना अनुज्ञप्ति व्यवसाय संचालन नियमानुसार उचित नहीं है तथा भविष्य में जांच के दौरान आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि वे नगर पालिका कार्यालय में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र व्यापार अनुज्ञप्ति प्राप्त करें, ताकि नगर क्षेत्र में सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमसम्मत व्यापार व्यवस्था स्थापित की जा सके।

बैंक मित्र की आंखों में मिर्च पाउडर झोंकने का प्रयास, चाकू दिखाकर 2 लाख रुपए लूटे

अभनपुर। क्षेत्र में दिनदहाड़े बैंक मित्र से 2 लाख की लूट की घटना सामने आई है। पीड़ित ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दो अज्ञात युवकों ने रास्ता रोककर मिर्च पाउडर फेंकने का प्रयास किया और चाकूनुमा वस्तु दिखाकर नकदी, मोबाइल एवं चाबी लूटकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरोदा निवासी पोषण लाल खोरपा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बैंक मित्र के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 1 जून को शाम लगभग 4:40 बजे बैंक से छुट्टी होने के बाद अपने निजी खाते से निकाली गई 2 लाख की नकदी को पिट्ठू बैग में रखकर मोटरसाइकिल से अपने गांव बिरोदा लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम सारखी और बिरोदा के बीच पुलिया के पास पहले से मौजूद दो युवक काले रंग की होंडा साइन मोटरसाइकिल में सवार होकर उनके सामने आ गए और मोटरसाइकिल रोक दी। आरोप है कि एक युवक ने जेब से मिर्च पाउडर निकालकर चेहरे पर फेंकने का प्रयास किया तथा चाकूनुमा वस्तु दिखाकर धमकाया। इसके बाद बदमाश बैग में रखी 2 लाख की नकदी, करीब 10 हजार कीमत का ओप्पो मोबाइल फोन और दुकान की चाबी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि वह अकेला होने के कारण विरोध नहीं कर सका तथा आरोपियों की मोटरसाइकिल का नंबर भी नहीं देख पाया। हालांकि दोनों आरोपियों को सामने आने पर पहचान लेने की बात कही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 126(2), 309(4), 351(2) तथा आर्म एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला कायम किया गया है।

लखना सोमनाथ धाम में मां कर्मा प्रतिभा सम्मान समारोह

संगठित और समरस समाज की पहचान है साहू समाज : प्रमोद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम लखना स्थित सोमनाथ धाम कर्मा मंदिर प्रांगण में परिक्षेत्र साहू संघ लखना युवा प्रकोष्ठ द्वारा 'मां कर्मा प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। समारोह में परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 17 गांवों के स्वजातीय प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया।

कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को समाज द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न और उपहार प्रदान किए गए। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजेंद्र साहू सड्डू को 'समाज गौरव' एवं रोमलाल साहू सगुनी को 'समाज रत्न' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तरपोंगी की कु. कल्पना यादव को भी परिक्षेत्र संघ द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

ये रहे शामिल : इस दौरान मंच संचालक पोषण साहू बेमता, परमेश्वर साहू लखना,विशिष्ट अतिथि एवं पदाधिकारी गिरेन्द्र साहू, डॉ. शिवकुमार साहू, संगीता साहू, सेवती बैतल साहू (जनपद सदस्य), लोकनाथ साहू (युवा प्रकोष्ठ)।उपस्थित सरपंच गण श्यामा साहू सरपंच लखना, यशोदा गुनूराम साहू सरपंच खैरखूंट, उमेश्वरी विश्राम साहू सरपंच सरोरा, जगराखन साहू सरपंच बेमता, तारणदास साहू सरपंच सुंगेरा, नंदू साहू सरपंच सड्डू, बलदाऊ साहू उप सरपंच लखना, माखन साहू, सत्यवती साहू, बलदाऊ साहू, रामजी साहू, मुकेश साहू, सोनम साहू, दुष्यंत साहू, रतनी साहू, तखतराम साहू, रंजीत साहू, चंद्रशेखर साहू, लेखराम साहू, अरुण साहू, फेकूराम साहू, रामनाथ साहू, जगदीश साहू, युगल साहू, रामेश्वर साहू, अजय साहू शामिल थे।

सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया जोर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने की। मुख्य अतिथि प्रमोद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहू समाज एक बहुत ही शिक्षित और संगठित समाज है, जो अपनी बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान आपस में बैठकर सुलझा लेता है। यह सामाजिक एकता की एक बेहतरीन मिसाल है। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य देवेन्द्र वर्मा ने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। सभी समाज के लोगों को समरसता के भाव से जोड़कर रखना साहू समाज की विशेष पहचान है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, बूढ़ेरा परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू, सरारीडीह परिक्षेत्र अध्यक्ष डागेश्वर साहू, किरना परिक्षेत्र अध्यक्ष पवन साहू और नेवरा परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर साहू ने भी अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मंच का कुशल संचालन पोषण साहू (बेमता) एवं परमेश्वर साहू (लखना) ने किया।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद
तहसील- मंदिर हसौद जिला- रायपुर
// आम सूचना //

जारी दिनांक 25/05/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रोहित निर्मलकर पिता/पति निहाली निर्मलकर निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम मंदिर हसौद पटवारी हल्का नम्बर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल-मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 1478/4 रकबा 0.022 हे. का सीमांकन / बटांकन / बंदोबस्त त्रुटी, न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 12/12/2025 के परिपालन में दिनांक 18/06/2026 को समय 03 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन / बटांकन बंदोबस्त त्रुटी में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वेध अभिभासक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

देश का चौथा जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनेगा रायपुर में, अंतिम चरण में टेंडर प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग को नई पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुंबई, सूरत और कोलकाता के बाद यह देश का चौथा जेम एंड ज्वेलरी पार्क होगा। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की पहल पर राजधानी रायपुर के पंडरी क्षेत्र में लगभग 9.616 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क विकसित किया जाएगा।

पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनने वाली इस परियोजना को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली पीपीपी एप्रेजल कमेटी से मंजूरी मिल चुकी है। 30 वर्ष की लीज अवधि (नवीनीकरण सहित कुल 90 वर्ष) और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह पार्क प्रदेश में निवेश, रोजगार और उद्योग विकास के नए अवसर सृजित करेगा। प्रस्तावित जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क को केवल सराफा कारोबार का केंद्र ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के पहले 'वेडिंग डेस्टिनेशन मॉल' के रूप में भी विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत लगभग 3.5 लाख वर्गफुट क्षेत्र विशेष रूप से जेम्स एवं ज्वेलरी व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, आयातकों-निर्यातकों और वर्कशॉप उपयोगकर्ताओं के लिए आरक्षित रहेगा। चतुर्थ तल पर सम्मेलन, व्यापार बैठक एवं प्रदर्शनी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यहां आधुनिक दुकानें, थोक कार्यालय, सुरक्षित वर्कशॉप, सम्मेलन एवं प्रदर्शनी सुविधाओं के साथ केंद्रीयकृत सुरक्षा और अत्याधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परियोजना में बीआईएस एवं हॉलमार्किंग केंद्र, सामान्य सुविधा केंद्र, बैंकिंग सुविधा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास संस्थान तथा स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे।

पीपीपी एप्रेजल कमेटी से मंजूरी, डेवलपर तय होने के बाद बनेगी ड्राइंग डिजाइन

'वेडिंग डेस्टिनेशन मॉल' का भी विकास

वहीं, शेष उपलब्ध एफएआर क्षेत्र में डेवलपर को वाणिज्यिक और मनोरंजन गतिविधियों के विकास की स्वतंत्रता दी गई है। इसके तहत परिधान, फूल-सज्जा, फोटोग्राफी, विवाह आयोजन और अन्य विवाह-संबंधित कारोबारों के लिए स्थान विकसित किए जाएंगे, जिससे यह परिसर एक समेकित 'वेडिंग डेस्टिनेशन मॉल' के रूप में उभर सकेगा।

रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

इस परियोजना राज्य में व्यापार, निवेश और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। साथ-साथ रायपुर को जेम्स एवं ज्वेलरी कारोबार के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। पार्क की स्थापना से रायपुर एवं आसपास के राज्यों के ग्राहकों को विश्वस्तरीय जेम्स एवं ज्वेलरी खरीदारी का अनुभव प्राप्त होगा। स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों एवं व्यापारियों के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

टेंडर की प्रक्रिया जारी

सीएसआईडीसी द्वारा आरपीएफ 24 अप्रैल को जारी किया गया। बोलियाँ 15 मई तक प्राप्त की गईं। उसी दिन तकनीकी बोलियाँ विधिवत खोली गईं। वर्तमान में बोली मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त बोलियों का तकनीकी एवं वित्तीय मूल्यांकन प्रक्रिया प्रगति पर है। जो बोलीदाता तकनीकी चरण में अर्ह पाये जाएंगे उन्हें वित्तीय बोली खोले जाने की तिथि से सूचित किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया में बोली का आधार जेम एंड ज्वेलरी पार्क के लिए अधिकतम लीज प्रीमियम होगा। शीघ्र ही सफल बोलीदाता का चयन कर परियोजना कार्यान्वयन के लिए करार किया जाएगा।

सराफा उद्योग के लिए ऐतिहासिक : राजीव अग्रवाल

सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि 2015 से यह परियोजना अटकी हुई थी। छत्तीसगढ़ के सराफा उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कौशल विकास, बीआईएस प्रमाणन एवं हॉलमार्किंग सुविधाओं के माध्यम से उत्पाद की गुणवत्ता एवं उपभोक्ता विश्वास में वृद्धि होगी। पीपीसी मोड पर विकास के कारण राज्य शासन पर न्यूनतम वित्तीय भार पड़ेगा।

खबर संक्षेप

तेलीबांधा तालाब के पास तेलीन दाई की मूर्ति लगाने की मांग

रायपुर। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नगर निगम स्थित कक्ष में सोमवार को रायपुर शहर जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर तेलीबांधा तालाब में माता तेलीन दाई की मूर्ति स्थापित करने की मांग की है। साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि रायपुर शहर का ऐतिहासिक तेलीबांधा तालाब साहू तेली समाज की प्राचीन धरोहर और सांस्कृतिक पहचान है। यह स्थान न केवल जनमानस के आकर्षण का केंद्र है, बल्कि समाज के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से भी गहरा जुड़ाव रखता है। समाज की अस्मिता और जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए तेलीबांधा तालाब के समीप माता तेलीन दाई की एक भव्य मूर्ति स्थापित की जाए। नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से दिलीप कुमार साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष सुंदरलाल साहू सहित शहर जिला साहू संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

रामाराम जलाशय योजना के लिए 1.16 करोड़ स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा सुकमा जिले के विकासखण्ड सुकमा के अंतर्गत रामाराम जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 16 लाख 6 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह पहल सुकमा क्षेत्र में कृषि विकास को गति देने और स्थानीय किसानों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के प्रस्तावित कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर क्षेत्र के स्थानीय किसानों को 69 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलने लगेगी। जल संसाधन विभाग द्वारा इस योजना के कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्वक संपन्न कराने के लिए मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग (जगदलपुर) को आवश्यक दिशा-निर्देश और प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। योजना के पूर्ण होने के बाद, रूपांकित सिंचाई क्षमता में आ रही कमी पूरी होगी और पूरे क्षेत्र को पर्याप्त सिंचाई का लाभ मिलेगा।

नील हरित शैवाल से सुधर रही मिट्टी की सेहत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि को बढ़ावा देने के लिए किसान अब जैविक खेती और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित कृषि पद्धतियों को अपना रहे हैं। कृषि विभाग के मार्गदर्शन में प्रदेश के कई किसान मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने, उत्पादन लागत कम करने और दीर्घकालीन कृषि लाभ सुनिश्चित करने के लिए जैविक विकल्पों की ओर अग्रसर हैं। नील हरित शैवाल (ब्लू-ग्रीन एल्गी) का उपयोग भी ऐसी ही एक प्रभावी तकनीक के रूप में उभर रहा है, जो मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन की पूर्ति कर उसकी उर्वरता बढ़ाने में सहायक है। प्रदेश में कई प्रगतिशील किसान मिट्टी परीक्षण के आधार पर वैज्ञानिक खेती को अपनाते हुए जैविक उपायों का प्रयोग कर रहे हैं। सरगुजा जिले के किसान श्री धनेश्वर प्रसाद ने भी कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन से प्रेरित होकर अपनी खेती में नील हरित शैवाल आधारित जैविक पद्धति को अपनाया है। मिट्टी परीक्षण में नाइट्रोजन की कमी पाए जाने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर नील हरित शैवाल उत्पादन की पहल की, जिससे खेतों को प्राकृतिक पोषण उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

70- से 80 प्रतिशत राशि मिलेगी अनुदान के रूप में

पीएम ई-ड्राइव योजना-छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क की तैयारी, मांगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग सुविधाओं का नेटवर्क विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों और जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं से ऐसे उपयुक्त स्थलों की जानकारी मांगी है, जहां इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन या चार्जिंग पॉइंट स्थापित किए जा सकें। यह पहल केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत की जा रही है। इस योजना के लिए 70 से 80 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था भी की गई है। सरकार का अनुमान है कि नगर निगम क्षेत्रों में दोपहिया और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लगभग 25 से 30 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकते हैं। इसके लिए स्थानीय निकायों को संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

क्यों बढ़ रही है चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत

देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें लगातार प्रोत्साहन योजनाएं चला रही हैं। हालांकि, इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ने के साथ सबसे बड़ी चुनौती पर्याप्त चार्जिंग सुविधाओं की उपलब्धता रही है। जानकारों का मानना है कि चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार हुए बिना इलेक्ट्रिक वाहनों को बड़े पैमाने पर अपनाना मुश्किल होगा। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने पीएम ई-ड्राइव योजना शुरू की है, जिसके तहत सार्वजनिक चार्जिंग अवसंरचना के विकास पर जोर दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

चार्जिंग स्टेशन के लिए लगभग 800 वर्गफीट भूमि जरूरी

किन स्थानों को मिलेगी प्राथमिकता

विभागीय निर्देशों के अनुसार चार्जिंग स्टेशन ऐसे स्थानों पर स्थापित किए जाने हैं जहां वाहन खड़े करने की पर्याप्त क्षमता हो और आम लोगों की पहुंच आसान हो। पार्किंग स्थल, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, अस्पताल परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थानों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है। साथ ही सरकारी या नगर निगम स्वामित्व वाली भूमि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। स्थल चयन के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि वहां बिजली कनेक्शन उपलब्ध हो या निकट भविष्य में आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। प्रत्येक प्रस्तावित स्थल का अक्षांश-देशांतर और कम से कम दो फोटोग्राफ भी भेजने होंगे।

चार्जिंग स्टेशन के लिए क्या होंगे मानक?

दस्तावेज के अनुसार प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन के लिए लगभग 800 वर्गफुट भूमि उपलब्ध होना आवश्यक होगा। इसके अलावा प्रत्येक स्टेशन की न्यूनतम कुल क्षमता 144 किलोवाट रखने का प्रस्ताव है, ताकि एक साथ कई वाहनों को चार्ज किया जा सके। स्थल चयन से पहले उसकी व्यवहार्यता(फिजिबीलिटी) और उपयोगिता का परीक्षण भी किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सार्वजनिक निवेश का अधिकतम लाभ मिल सके।

केंद्र सरकार देगी भारी अनुदान

योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू वित्तीय सहायता है। विभागीय पत्र के अनुसार 'बी' श्रेणी के नगर निगम क्षेत्रों में स्थापित होने वाले चार्जिंग स्टेशनों के लिए विद्युत अधोसंरचना (अपस्ट्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर) की लागत का 80 प्रतिशत और चार्जिंग मशीनों एवं उपकरणों की लागत का 70 प्रतिशत तक अनुदान केंद्र सरकार द्वारा दिया जाना प्रस्तावित है। शेष राशि की व्यवस्था संबंधित नगर निगमों को करनी होगी। इसके लिए उन्हें जिला कलेक्टरों के साथ समन्वय स्थापित कर उपलब्ध वित्तीय स्रोतों से आवश्यक धन जुटाने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ के लिए क्या मायने

छत्तीसगढ़ में अभी इलेक्ट्रिक वाहन बाजार शुरुआती विस्तार के दौर में है, लेकिन रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा जैसे शहरों में ई-स्कूटर और ई-कारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क विकसित होने से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में लोगों का भरोसा बढ़ सकता है। सरकार के इस कदम को राज्य में हरित परिवहन को बढ़ावा देने, पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करने और कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। फिलहाल नगर निगमों और नगर पालिकाओं से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव भेजने को कहा गया है, जिसके बाद योजना के क्रियान्वयन की अगली प्रक्रिया शुरू होगी।

खेत बचाओ अभियान किसान मारो अभियान साबित हो रहा : धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे "खेत बचाओ अभियान" की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि यह अभियान वास्तव में खेत बचाने का नहीं, बल्कि किसानों को संकट में डालने और उनकी समस्याओं से ध्यान भटकाने का प्रयास है।

एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में खरीफ फसल का सीजन शुरू हो चुका है और किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं। ऐसी स्थिति में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। प्रदेश भर में किसान सोसायटियों और खाद केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रही है। अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सरकार अब किसानों को रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने की सलाह दे रही है, जो पूरी तरह से अव्यावहारिक और किसान विरोधी है।

किसानों के बजाय व्यापारियों को खाद

धनेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की सहकारी समितियों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के बजाय बड़े पैमाने पर निजी व्यापारियों को खाद की आपूर्ति कर रही है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। सरकार का दायित्व किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना और कालाबाजारी पर रोक लगाना है, लेकिन वह अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए नए-नए अभियान चला रही है।

खाद न मिलने से किसान निराश

श्री साहू ने कहा कि एक ओर सरकार ने खाद के दाम बढ़ा दिए हैं, दूसरी ओर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध भी नहीं करा पा रही है। किसानों को ना ही सोसाइटी में और ना हीं बाजार में खाद मिल रहा है। ऐसे समय में किसानों को उर्वरकों का उपयोग कम करने की सलाह देना उनकी समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें बर्बाद करना है। इससे किसान वर्ग में भारी नाराजगी और निराशा का माहौल है। श्री साहू ने कहा है कि भाजपा सरकार बहानेबाजी छोड़कर प्रदेश में खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाए तथा उपलब्ध समस्त खाद को निजी व्यापारियों के बजाय सहकारी समितियों और सोसायटियों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित करे। किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिससे खरीफ सीजन की खेती प्रभावित न हो और किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

भाजपा बोली-जनता की लिक्विडिटी छीनकर गोवा के होटलों में निवेश कर रही थी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने शराब घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पेश किए गए छठवें पूरक आरोप पत्र का हवाला देते हुए कहा, इसमें कांग्रेस सरकार के समय हुए भ्रष्टाचार के नए और चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। इस महाघोटाले के कारण आज छत्तीसगढ़ में नकदी और मुद्रा तरलता (लिक्विडिटी) का भारी अभाव दिख रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता का हक मारकर यहां का पैसा दूसरे राज्यों में अवैध रूप से निवेश किया गया, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी पीछे चली गई है।

श्री पाण्डेय ने कहा, शराब घोटाले की काली कमाई का लगभग 110 करोड़ रुपया कथित रूप से पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र के माध्यम से नॉर्थ गोवा के 'होटल वेस्टिन' को खरीदने में लगाया गया है। ईडी ने इसके पुख्ता प्रमाण चार्जशीट में जोड़े हैं। इस पूरे घोटाले में अब तक लगभग 89 आरोपियों को नामजद किया गया है, और अपराधियों से कुल 1,000 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति को ईडी द्वारा फ्रीज या सीज किया जा चुका है। ताजा चार्जशीट में ही 200 करोड़ रुपए की नई बेनामी और अवैध संपत्ति का पता चला है। श्री पाण्डेय ने मांग की है कि बेनामी ट्रांजेक्शन और मनी लॉन्ड्रिंग के इस भयावह खेल पर कांग्रेस पार्टी को जनता के सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा, छत्तीसगढ़ की यह लूट अकेले नहीं हुई। इसमें राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी और बड़े व्यवसायियों की तिकड़ी का एक मजबूत सिंडिकेट सक्रिय था। इस सिंडिकेट के कई तत्कालीन मंत्री और अधिकारी आज भी जेलों में बंद हैं। श्री पाण्डेय ने सवाल उठाया, इतने बड़े घोटाले और गंभीर आरोपों के बाद भी कांग्रेस पार्टी चुप क्यों है। कांग्रेस के पास केंद्रीय एजेंसियों पर दुरुपयोग का आरोप लगाने के अलावा कोई सीधा स्पष्टीकरण नहीं है।

बोरियाखुर्द में आरसीसी नाली निर्माण का कार्य जल्द होगा शुरू

रायपुर विकास प्राधिकरण ने टेंडर जारी किया

- डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना में 1800 आवासों का किया था निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की बोरियाखुर्द स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना के रहवासियों की सालों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। सालों पुरानी जर्जर नाली की जगह नई निकास नाली का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है।

दरअसल, वर्ष 2009 में निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी योजना के अंतर्गत करीबन 1800 आवासों का निर्माण कराया गया था। उस समय की बनाई गई ज्यादातर नालियां जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण इस क्षेत्र में जल निकासी की समस्या बनी हुई है। स्थानीय रहवासियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा बोरियाखुर्द में नालियों के पुनर्निर्माण की मांग लगातार उठाई जा रही थी।

अब प्रदेश के आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी और रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंद कुमार साहू ने इसे संज्ञान में लिया है। रायपुर विकास प्राधिकरण अपने स्वयं के व्यय से नाली निर्माण कार्य कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्राधिकरण ने निविदा जारी कर दी है।

पीएम स्वनिधि योजना के 6 साल पूरे

नगरीय निकायों में 30 जून तक होंगे स्वनिधि महोत्सव और लोक कल्याण मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेहनतकश स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन में बदलाव लाने भारत सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के छह साल पूरे होने के मौके पर नगरीय निकायों में 30 जून तक लोक कल्याण मेलों के आयोजन किए जाएंगे। साथ ही जिला मुख्यालय वाले सभी नगरीय निकायों में जिला स्तरीय स्वनिधि महोत्सवों का भी आयोजन किया जाएगा।

राज्य शासन ने स्वनिधि महोत्सव और लोक कल्याण मेलों के आयोजन के लिए सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से जारी परिपत्र में नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स), शहरी गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा के लाभों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण ही नहीं, सुरक्षा और सम्मान भी : साव

होंगे स्वनिधि महोत्सव

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव शंगीता आर. ने बताया कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में लोक कल्याण मेले लगाए जाएंगे, जबकि जिला मुख्यालयों में विशेष रूप से स्वनिधि महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में बैंकों के प्रतिनिधि छोटे व्यापारियों को ऋण स्वीकृति, वितरण, यूपीआई पंजीयन, क्यू-आर कोड सुविधा और डिजिटल भुगतान संबंधी सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराएंगे। स्वनिधि महोत्सव और लोक कल्याण मेला छोटे व्यापारियों को आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक सम्मान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

साव ने कही ये बात

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से बैंकों को लंबित ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने और फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से नए आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब एक रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति को समय पर पूंजी मिलती है, तो केवल उसका व्यवसाय ही नहीं बढ़ता, बल्कि उसके बच्चों की पढ़ाई, परिवार की सुरक्षा और जीवन की उम्मीद भी मजबूत होती है।

भ्रम फैलाकर आदिवासी समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रही है कांग्रेस : कश्यप

कश्यप ने कहा- बैज का बयान कांग्रेस की आदिवासी-विरोधी राजनीति को छिपाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा सरकार आदिवासियों के मौलिक और नैसर्गिक अधिकार से वंचित करने का षड़यंत्र : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार पर से आदिवासी समाज का भरोसा उठ गया है। भाजपा सरकार आदिवासी समाज को प्रताड़ित कर रही है। राज्य के आदिवासी, सरकार के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं।

वन मंत्री केदार कश्यप ने श्री बैज के बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस को आदिवासी हितों पर सवाल उठाने से पहले अपना राजनीतिक इतिहास देखना चाहिए। जिन कानूनों और अधिकारों की आज कांग्रेस बात कर रही है, उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सबसे बड़ी बाधा स्वयं कांग्रेस की नीयत और नीतियां रही हैं। वनमंत्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासी समाज को केवल वोट बैंक समझकर राजनीति की, लेकिन उन्हें उनके अधिकारों, संसाधनों और विकास से जोड़ने का ईमानदार प्रयास कभी नहीं किया। आज जब छत्तीसगढ़ में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, वनाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आदिवासी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, तब कांग्रेस इसे भी राजनीतिक चश्मे से देख रही है।

कांग्रेस का जनाधार आदिवासी क्षेत्र में सिकुड़ रहा

उन्होंने कहा कि दीपक बैज और कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद पेसा और वनाधिकार कानून का लाभ अंतिम व्यक्ति तक क्यों नहीं पहुंच सका। आदिवासी क्षेत्रों में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और आजीविका के अवसरों का अभाव किसकी देन था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का वास्तविक दर्द आदिवासी अधिकार नहीं, बल्कि आदिवासी क्षेत्रों में उसका लगातार सिकुड़ता जनाधार है।

भाजपा आदिवासियों को वनवासी बताकर उनके अधिकार छीनना चाह रही : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के राज सुनियोजित तरीके से आदिवासियों पर उनकी संस्कृति पर हमले हो रहे। भाजपा सरकार जल, जंगल, जमीन पर से आदिवासियों के मौलिक और नैसर्गिक अधिकार से वंचित करने का षड़यंत्र कर रही है। पेसा कानून को कमजोर किया जा रहा है, केंद्र ने वन अधिकार अधिनियम 2006 में संशोधन कर दिया है। आदिवासियों को बेदखल करने की कोशिशों का कांग्रेस विरोध करती है। उन्होंने कहा,भाजपा आदिवासियों को वनवासी बताकर उनका मूल संस्कृति से उनको तोड़ने का काम कर रही है। आरएसएस और भाजपा आदिवासियों को उनके जंगल पर से प्राकृतिक अधिकार और पहचान छीनना चाहते है। आदिवासी समाज को वनवासी बताना भाजपा का षड़यंत्र है। आदिवासियों के उनकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह आदिवासी अस्मिता और सम्मान का मुद्दा है।

खबर संक्षेप

प्री एमसीए व पीपीटी के नतीजे घोषित

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा एमसीए व पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। दोनों ही प्रवेश परीक्षाएं 7 मई को आयोजित की गई थी। दावा आपत्तियों के निराकरण पश्चात अंतिम परिणाम व्यापम ने अपने वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। जारी परिणाम के आधार पर अब छात्रों को संबंधित पाठ्यक्रम में काउंसिलिंग उपरांत दाखिले प्रदान किए जाएंगे।

प्रो. माया को मिली पीएचडी की उपाधि

रायपुर। शांभवी कॉलेज धुसेरा की असिस्टेंट प्रोफेसर माया वर्मा को

पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनके शोध का विषय शिक्षा पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के परा संज्ञान एवं तनाव प्रबंधन का उनके शैक्षिक लचीलापन का प्रभाव था। उन्होंने यह शोधकार्य हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के तहत कल्याण कॉलेज भिलाई सेंटर से डॉ. अनिर्बान चौधरी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

निधन

अर्चना छत्रे

रायपुर। शिव मंदिर के पास, राजातालाब निवासी अर्चना छत्रे (48) का 2 जून को

निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अरविंद्र नगर टिकरापारा सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया गया। वे जयेश छत्रे की पत्नी, जया छत्रे एवं जस्टिन छत्रे की माता और संतोष छत्रे, सुशीला छत्रे की बड़ी बहू थीं।

पुष्पा देवी अग्रवाल

रायपुर। क्रेस्ट ग्रीन, कोटा रोड रामनगर निवासी पुष्पा देवी अग्रवाल

का 2 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. राधेश्याम अग्रवाल की पत्नी और मनीष, अमित अग्रवाल की माता एवं रोहित व आदित्य की दादी थीं।

मुस्कान टेकवानी

रायपुर। साईं श्रद्धा अपार्टमेंट, नियर साईं मंदिर, महावीर नगर निवासी

मुस्कान टेकवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्रनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विकी टेकवानी की पत्नी और यश, पुष्कर टेकवानी की माता थीं।

बढ़ रही लोगों की जागरूकता, साढ़े 3 साल में 13 लोगों का अंगदान, वेटिंग 218 की

अंगदान शपथ लेने वालों की बड़ी संख्या भले ही बढ़ रही जागरूकता की तरफ इशारा कर रही है, मगर तीन साल में केडेवर डोनेशन के 13 मामले कुछ और ही हकीकत बयां कर रहे हैं। राज्य में किडनी-लिवर तथा अन्य अंगों का इंतजार करने वालों की वेटिंग अभी भी 218 है। राज्य में गंभीर सड़क हादसों में हर महीने ब्रेनडेड के औसतन 20 मामले सामने आ रहे हैं। इसके बाद परिजनों की बेहतर काउंसिलिंग कर उनसे अंगदान कराने की सफलता नहीं मिल पा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पिछला अंगदान अप्रैल में हुआ था, इसके बाद राज्य के कुछ बड़े अस्पतालों में ब्रेनडेड के मामले सामने आए, मगर उनके परिजनों से अंगदान कराने की सहमति नहीं मिल पाई, जिसकी वजह से जरूरतमंदों का इंतजार खत्म नहीं हो पाया। छत्तीसगढ़ राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण (सोटो) के पास अभी भी अंगों के प्रतीक्षारत लोगों की सूची काफी लंबी है। जानकारों का कहना है कि सोटो की टीम विभिन्न तरीकों से अंगदान की जरूरत और महत्व को समझाने का प्रयास कर रही है। इससे प्रेरित होकर लोग बढ़ी संख्या में यानी अब करीब 4 हजार लोग अंगदान की शपथ ले चुके हैं, मगर जागरूकता अभी भी पूरी तरह नहीं आ पाई है। प्रदेश में रोजाना गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं, इसमें अस्पताल में इलाज के दौरान औसतन हर तीसरे दिन ब्रेनडेड के एक मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों के दुखी परिजनों को काउंसिलिंग देकर उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित करने में सफलता नहीं मिल पा रही है।

सबसे ज्यादा जरूरत किडनी की

गंभीर सड़क हादसों में हर महीने राज्य में औसतन 20 ब्रेनडेड के मामले

राज्य में किडनी से संबंधित बीमारी आम हो चुकी है। इस बीमारी से पीड़ित गंभीर स्थिति वाले मरीजों को राहत देने के लिए डायलिसिस योजना का संचालन जिला स्तर पर किया जा रहा है। इसके अलावा बड़े अस्पतालों में भी मरीजों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से डायलिसिस दिया जा रहा है। इन सभी मरीजों को एक निश्चित अवधि के बाद किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। राज्य में लाइव किडनी ट्रांसप्लांट भी बढ़ी संख्या में हो रहे जिसमें रिश्ते एवं नातेदार अपनी किडनी दान कर रहे हैं।

परिजनों को बेहतर काउंसिलिंग का अभाव, मिल नहीं रही बड़ी सफलता

दूसरे राज्यों से नहीं मिली मदद

राज्य में अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया स्थानीय अस्पतालों में दिमागी रूप से मृत होने वाले मरीजों के अंगों की मदद से पूरी की गई है। छत्तीसगढ़ में पिछले साढ़े तीन साल में एक बार भी यह स्थिति नहीं बनी जब दूसरे राज्यों से किडनी अथवा लिवर लाकर प्रत्यारोपण किया गया है। अलबत्ता एक प्रकरण में छत्तीसगढ़ में हुए ब्रेनडेड हुए एक मरीज के लिवर को नागपुर के हास्पिटल में भर्ती मरीज को प्रत्यारोपित किया गया था। किडनी में रायपुर से नागपुर पहुंचाने के लिए दो राज्यों की पुलिस की मदद से ग्रीन कॉरीडोर बनाया गया था।

हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी भी

राज्य में हार्ट ट्रांसप्लांट की तैयारी भी एक निजी अस्पताल द्वारा की जा रही है। हास्पिटल सोटों के पास किडनी और हृदय प्रत्यारोपण की सुविधा देने वाले संस्थान के रूप में पंजीकृत है। हृदय का प्रत्यारोपण काफी संवेदनशील है देश के कई राज्यों में इस प्रक्रिया को दो सौ से तीन सौ बार पूरा किया जा चुका है। शासकीय स्तर पर इसके लिए अभी एक भी अस्पताल तैयार नहीं है। उल्लेखनीय यह है कि राज्य सरकार अब तक डीके अस्पताल में यह योजना शुरू नहीं कर पाई है।

जन्म-मृत्यु, आय, मूल निवास के काम भी अटके

तहसीलदारों की हड़ताल से दफ्तरों में कामकाज ठप, पेशी की बढ़ी तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नायब तहसीलदार से कथित अभद्रता व मारपीट की घटना के विरोध में प्रदेशभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल का असर अब आम लोगों पर पड़ रहा है। तहसीलदारों के कामबंद करने से तहसील दफ्तरों में सभी प्रकार के काम होने बंद हो गए हैं, नए आवेदन लेना तो दूर, पुराने लंबित कार्य भी अब नहीं हो रहे हैं। हरिभूमि ने मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित तहसील दफ्तर की लाइव पड़ताल की। तहसीलदारों की हड़ताल की खबर मीडिया एवं सोशल मीडिया में वायरल होने के कारण तहसील दफ्तर में सामान्य दिनों की तुलना में बहुत कम संख्या में लोगों का आना हुआ, लेकिन जानकारी के अभाव में जो पहुंचते रहे, उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। तहसीलदारों के नहीं होने के कारण दफ्तर में बैठे कर्मचारियों द्वारा लोगों को हड़ताल खत्म होने के बाद ही दफ्तर आने की सलाह देकर लौटाते रहे।

पेशी की तारीख एक सप्ताह के लिए बढ़ी

तहसील न्यायालयों में लंबित प्रकरणों पर सुनवाई के लिए मंगलवार को कई प्रकरण में पेशी की तारीख दी गई थी, लेकिन तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने के कारण न्यायालय संबंधित सभी प्रकरणों की तारीख एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी गई है। इसके तहत 2 तारीख को होने वाली प्रकरणों पर सुनवाई अब सीधे 8 तारीख को होगी। वहीं 3, 4, एवं 5 तारीख को होने वाले प्रकरणों की सुनवाई भी अगले सप्ताह में होंगी। इस तरह हड़ताल की वजह से पुराने न्यायालयीन प्रकरणों पर पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है, वहीं नए प्रकरण से संबंधित आवेदन भी अभी लिए नहीं जा रहे।

जन्म-मृत्यु, आय, जाति, मूल निवास के प्रमाणपत्र भी अटके

तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने से अब तहसील दफ्तरों में छोटे-छोटे काम भी नहीं हो रहे हैं। आय, जाति, मूल निवास, जन्म-मृत्यु आदि के प्रमाणपत्र, त्रुटि सुधार जैसे लंबित आवेदनों का निराकरण भी नहीं किया जा रहा। तहसीलदारों के नहीं होने से ये सभी कामकाज अटक गए हैं। इसी प्रकार खसरा नंबर सुधार, सीमांकन के अलावा पुराने लंबित बटांकन, नामांतरण के काम भी अटक गए हैं।

केस:1

कोटा निवासी काशवानी परिवार की एक महिला दो बच्चों के साथ तहसील दफ्तर पहुंची थी। उसने बताया कि लगभग सप्ताहभर पहले उसके द्वारा अपने ससुर नानकराम काशवानी की मृत्यु होने पर मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए आवेदन किया गया है। उन्हें मंगलवार को आने के लिए कहा गया था, लेकिन यहां आने पर पता चला कि तहसीलदार हड़ताल पर हैं, जिसके हस्ताक्षर के बिना प्रमाणपत्र नहीं मिल पाएगा।

केस:2

अवंति विहार निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति निषाद अपने बेटे के साथ पहुंचा था। उन्होंने बताया कि उसकी अवंति विहार में चार एकड़ जमीन है, जिसकी रजिस्ट्री 2021 में हो चुकी है। उन्होंने बताया कि इस जमीन का बटांकन हुआ था। पटवारी ने अन्य जमीन को बी-1 में आवासीय में चढ़ाया है, जबकि सिर्फ उसकी जमीन को कृषि में चढ़ा दिया है। इसकी जानकारी एक माह पूर्व ही हुई है। इसे सुधारने के लिए वह आवेदन करने पहुंचा है, लेकिन यहां आकर पता चला कि तहसीलदार हड़ताल पर हैं।

मांग पूरी नहीं हुई तो आरआई बाबू सहित अन्य कर्मचारी भी हड़ताल करेंगे

सूत्रों से जानकारी मिली है कि तहसीलदारों की मांग के समर्थन में प्रदेशभर की तहसीलों में कार्यरत आईआर-बाबू सहित अन्य कर्मचारियों ने भी शासन को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में 3 तारीख तक सरगुजा मैनपाट के नायब तहसीलदार के साथ हुई अभद्रता व मारपीट की घटना के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। कार्रवाई नहीं किए जाने पर 4 तारीख से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने की बात कही है।

16.02 करोड़ के फर्जी आईटीसी रैकेट का मुख्य संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) रायपुर जोनल यूनिट ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) रैकेट के प्रमुख संचालक अभिषेक पाठक को उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी समृद्धि ट्रेडिंग के नाम पर उत्तरप्रदेश में फर्म का संचालन कर रहा था। इस फर्म के माध्यम से उसने लगभग 4.87 करोड़ का फर्जी आईटीसी प्राप्त किया तथा 5.33 करोड़ का फर्जी आईटीसी विभिन्न फर्मों को आगे पारित किया है।

डीजीजीआई की जांच में यह भी सामने आया कि अभिषेक पाठक का संबंध मेसर्स ख्याति इंटरप्राइजेस से था तथा उसके संचालन एवं फर्जी आईटीसी नेटवर्क के प्रबंधन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि ख्याति इंटरप्राइजेस ने भी लगभग 11.14 करोड़ रुपए का फर्जी आईटीसी प्राप्त कर विभिन्न डाउनस्ट्रीम फर्मों को आगे पारित किया। इस प्रकार अब तक की जांच में अभिषेक पाठक से जुड़े नेटवर्क में कुल लगभग 16.02 करोड़ के फर्जी आईटीसी घोटाले का खुलासा हुआ है। इस तरह प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर अभिषेक की भूमिका इस पूरे नेटवर्क के प्रमुख संचालकों में मुख्य संचालक के रूप में सामने आई है।

डीजीजीआई रायपुर की कार्रवाई

ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाकर कोर्ट में किया पेश, जेल दाखिल

डीजीजीआई अधिकारियों ने बताया कि शाहजहांपुर स्थित आरोपी के

निवास पर कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद स्थानीय न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड में उसे रायपुर लाकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

इस मामले में पूर्व में एक आरोपी हो चुका है गिरफ्तार

डीजीजीआई रायपुर इस मामले में पूर्व में अमन सिंह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चुकी है। वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में है। अभिषेक पाठक लगभग एक वर्ष से जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर था तथा वह समन की अवहेलना कर रहा था। उसके खिलाफ कई बार समन जारी किए गए हैं।

नेटवर्क से जुड़े और कई खुलासे होने की संभावना

डीजीजीआई इस मामले में जांच कर रही है। इस जांच में अभिषेक के ठिकाने से इस नेटवर्क से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं, जिसमें अन्य कई व्यक्तियों एवं फर्मों की संलिप्तता पाई गई है। डीजीजीआई ने इस जांच में और कई बड़े खुलासे होने की संभावना जताई है। उल्लेखनीय है कि डीजीजीआई रायपुर के प्रधान अतिरिक्त महानिदेशक सुमित मलिक ने 18 मई को चार्ज संभाला है।

हनुमान मंदिर में किया छाछ का वितरण

रायपुर। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष और पुरुषोत्तम मास के अवसर पर हनुमंत प्रसादी वितरण समिति रायपुर द्वारा भीषण गर्मी में राहत पहुंचाने के लिए लोगों को बस स्टैंड रोड स्थित रावणभाठा गेट के सामने हनुमान मंदिर में छाछ का वितरण किया गया। यहां हजारों की संख्या में भगवान के भक्तों ने छाछ का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रशांत पाण्डेय, स्वर्णजीत साहू, विजय पाण्डेय, टिकेश यादव, मुकेश यादव, भरत पाण्डेय, राजू

यादव, प्रतीक अग्रवाल, रविंद्र देवांगन, अनिल अग्रवाल, दिपांशु साहू, अनुभव अभिनव शर्मा, संतोष चंद्रहास यादव, पंकज, प्रकाश आदि शामिल थे।

पेज 11 के शेष

रेलवे स्टेशन के...

पानी पहुंच रहा है। हरिभूमि की टीम ने जब स्टेशन के नलों से आ रहे पानी की जमीनी पड़ताल की, तो स्थिति बेहद चिंताजनक मिली। नलों से आने वाले पानी का रंग साफ और पारदर्शी होने के बजाय पीला और मटमैला नजर आया। पड़ताल के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पानी का टीडीएस स्तर 250 से अधिक पाया गया। वहीं, जब टीम प्लेटफॉर्म 6 और 7 पर पहुंची, तो वहां स्थिति और भी खराब थी और पानी का पीला रंग काफी गहरा था।

इसलिए शिकायत नहीं कर पाते यात्री: अक्सर देखा जाता है कि गंदा पानी आने के बावजूद यात्री इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराते हैं। इसके पीछे का मुख्य कारण समय का अभाव है। किसी भी यात्री के पास इतना समय नहीं होता कि वह अपनी यात्रा और ट्रेन छोड़कर टीटीई या स्टेशन इंचार्ज के पास जाकर शिकायत दर्ज कराने की लंबी प्रक्रिया में उलझे। इसके अलावा, लोकल और पैसेंजर ट्रेनों में सफर करने वाले ग्रामीण और आम यात्रियों को ऑनलाइन शिकायत करने की प्रक्रिया की भी सही जानकारी नहीं होती है। इसी वजह से समस्या बनी रहती है और लोग बिना शिकायत किए मजबूरी में परेशानी का सामना करते रहते हैं।

ट्रेन छूटने के डर...

लिए मजबूर हैं, जिससे उनकी सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यात्रियों के इस दूषित पानी को पीने के पीछे सबसे बड़ा कारण स्टेशन पर होने वाली भारी भीड़ और ट्रेन छूटने की घबराहट है। ट्रेन अमूमन स्टेशन पर कुछ ही मिनटों के लिए रुकती है, ऐसे में यात्री साफ पानी वाले वाटर कूलर तक जाने का जोखिम नहीं उठा पाते। समय की कमी के चलते उन्हें अपने कोच के आसपास जो भी नल मिलता है, वे उसी से पानी भरने में अपनी भलाई समझते हैं। इसी जल्दबाजी और मजबूरी के चलते रोजाना हजारों यात्री गंदा पानी पीकर सफर करने को मजबूर हैं।

कोई आधिकारिक शिकायत...

और जल्द से जल्द समस्या का सुधार करने का आश्वासन दिया है।

आंधी-बारिश के बीच...

विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले 2 से 3 दिन तक तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद ठहराव की स्थिति बनेगी इस दौरान दक्षिण पश्चिम मानसून के केरल के रास्ते देश में प्रवेश करेगा। मानसून की गतिविधि बढ़ने और बंगाल की खाड़ी की ओर से हवा आने के बाद वातावरण में चिपचिपाहट बढ़ेगी। वर्तमान में एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी मध्य प्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर में 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक द्रोणिका पूर्वी मध्य प्रदेश से उत्तर पूर्व तमिलनाडु तक विस्तारित है। दूसरी द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से तटीय पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ़ होते हुए मौजूद है। बुधवार 3 जून को प्रदेश में कल दिनांक 3 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

मंगलवार को ऐसा रहा तापमान: रायपुर 40 -2.4, माना 40.6 -1.4, बिलासपुर 40.3 -2.9, पेंड्रा 35.6 -4.0, अंबिकापुर 35.5 -4.7, जगदलपुर 35.6 -2.3, राजनांदगांव 41.0 -1.5

किराए की दुकान से...

अवैध कारोबार कर रहे हैं। इस शिकायत के आधार पर विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्थानीय थाना पुलिस की मौजूदगी में सुबह करीब 11 बजे इस दुकान में छापा मारा। दुकान में उस समय ताला लगा हुआ था, जिसे तोड़कर दुकान की जांच की तो वहां 46 क्विंटल दानेदार खाद तथा 35 लीटर तरल खाद मिला, जिसे विभाग ने जब्ती बनाया है।

लाइसेंसी दुकान से सप्ताहभर पहले 35 मीट्रिक टन खाद पकड़ाया थाविभागीय टीम ने सप्ताहभर पूर्व आरंग ग्राम समोदा में मेसर्स महानदी बीज भंडार में भी जांच के दौरान 35.05 मीट्रिक टन खाद जब्त किया था। यह दुकान लाइसेंसी है, लेकिन वह नियम के विरुद्ध खाद की बिक्री कर रहा था। कुछ आवश्यक दस्तावेज भी दुकान संचालक के पास नहीं मिले हैं। इस मामले में भी वैधानिक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपी गई है।

गुड़गांव हरियाणा के...

कराने पहुंचे। इस बात पर ग्रामीणों की नवनीत से बहस हुई थी। इस बहस के बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभाग में की। इधर इसकी जानकारी जैसे ही नवनीत को हुई, वह और उसके अन्य साथी दुकान में छापा पड़ने के एक दिन पहले ही ताला लगाकर फरार हो गए। विभाग ने इस मामले में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कानूनी कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर को जांच रिपोर्ट सौंप दी है।

मिवान स्टील प्लांट...

को दिखाई देने लगा, जिसका विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। इस आगजनी के दौरान कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन प्लांट को लाखों रुपए की क्षति जरूर पहुंची है। हालांकि कंपनी की ओर से क्षति के आकलन की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

आग बुझाने के बाद...

आग पर काबू पा लिया गया था तथा वहां की स्थिति सामान्य हो चुकी थी। पूछताछ पर पता चला कि आग प्लांट के टरवाइन-3 में तेल पाइप लाइन में लीकेज आने के कारण लगी। इस पाइप लाइन के पास ही स्टीम लाइन भी है। लीकेज आते ही तेल स्टीम लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे आग लगते ही विकराल रूप ले लिया। इस आग को बुझाने के लिए दमकल विभाग की गाड़ियां को बुलाया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि प्लांट प्रबंधक द्वारा यह कहा जा रहा है कि एक दमकल गाड़ी की मदद से आग पर एक घंटे के अंदर काबू पा लिया गया था, जबकि आगजनी का सोशल मीडिया में वायरल हुए विडियो को देखकर इस पर यकीन नहीं हो रहा है। आग इतनी भीषण लगी थी कि इसे बुझाने में दमकल विभाग की कम से कम 3 से 4 गाड़ियां एवं ढाई से तीन घंटे का समय लगा होगा।

:: भूल-सुधार सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30/5/2026 को **हरिभूमि** में प्रकाशित आम सूचना में त्रुटिवश आवंटी का नाम "**श्रीमती कृष्णकुमार वर्मा**" प्रकाशित हो गया था, जबकि सही नाम "**श्री कृष्णकुमार वर्मा**" है।

पाठकों एवं संबंधित पक्षों से अनुरोध है कि उक्त सूचना में "**श्रीमती कृष्णकुमार वर्मा**" के स्थान पर "**श्री कृष्णकुमार वर्मा**" पढ़ा एवं माना जाए।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

जारी दिनांक 02.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुप कुमार एवं 1 अन्य पिता रामकुमार अग्रवाल, निवासी म.नं. 238 मेन रोड देवपुरी (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 105/1, 105/9 रकबा क्रमशः 0.1620, 0.2030 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.05.2026 के परिपालन में दिनांक 12.06.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है.

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है.

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

जारी दिनांक 02.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरूण कुमार पिता रामकुमार अग्रवाल, निवासी गुजराती कालोनी वार्ड नं. 5 धमतरी (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 105/5, 105/12 रकबा 0.0400, 0.1820 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.05.2026 के परिपालन में दिनांक 12.06.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है.

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है.

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

जारी दिनांक 02.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरूण कुमार पिता रामकुमार अग्रवाल एवं अन्य 4, निवासी म.नं. 238 मेन रोड देवपुरी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 105/10, शामिल 105/11, 105/18, 133, 142/1, 241, 251 रकबा 0.3040, 0.2790, 0.0810, 0.0120, 0.0650, 0.0730 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.05.2026 के परिपालन में दिनांक 12.06.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है.

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है.

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

जारी दिनांक 02.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता रामकुमार अग्रवाल, निवासी म.नं. एम. 00123 धमतरी रोड देवपुरी (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 105/7, 122, 255/3 रकबा क्रमशः 0.3600, 0.1460, 0.1810 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.05.2026 के परिपालन में दिनांक 12.06.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है.

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है.

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

जारी दिनांक 02.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता रामकुमार अग्रवाल, निवासी म.नं. 00123 धमतरी रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 121 रकबा 0.0360 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20.05.2026 के परिपालन में दिनांक 12.06.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है.

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है.

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

जारी दिनांक 02.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशरीबाई अग्रवाल पति रामकुमार अग्रवाल, निवासी म.नं. 238 देवपुरी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी, पटवारी हल्का नंबर 73, राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 105/20, 239, 255/1, 267/3, 268 रकबा 0.3570, 0.1170, 0.2020, 0.1820, 0.0570 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.05.2026 के परिपालन में दिनांक 12.06.2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है.

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है.

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

जारी दिनांक 30/05/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीलाराम पिता/पति बिसाहूराम ठाकुर निवासी टेकारी छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम टेकारी पटवारी हल्का नंबर 23 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 265/4, 295/5, 298/4, 560/4, 607/4, 627/4, 229/4, 631/5, 646/8, 725/3, 755/4, 757/5, 785/8, 785/13, 787/2, 787/5, 817/4, 819/1, 819/17, 819/47, 819/52, 834/2 का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार, धरसींवा के आदेश क्रमांक क्यू/वाचक/ना.तह./2026 दिनांक 06/10/2025 के परिपालन में दिनांक 15/06/2026 को समय 11 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 23 के ग्राम बरौदा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्य

खबर संक्षेप

पीएससी सेंटर में रहेगी ओआरएस की व्यवस्था

रायपुर। सीजी पीएससी मेंस 6 से 9 जून तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इसकी संपूर्ण तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक ली। कलेक्टर ने कहा, सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थियों की सुविधा पर ध्यान दें। स केन्द्रों में मूलभूत सुविधा, बिजली, पेयजल इत्यादि सुनिश्चित करें। साथ ही गर्मी को देखते हुए, कूलर, ओआरएस और ठंडे पेयजल की भी व्यवस्था करें। सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का होना सुनिष्चित करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीजीडीएफ का भी होगा विस्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन में आगामी संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत सितंबर माह के बाद वाइस प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी और जनरल सेक्रेटरी सहित सभी पदों पर परिवर्तन किए जाने की संभावना है। योग्य उम्मेदवारों का चयन छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन की प्रशासनिक बॉडी के द्वारा किया जाएगा। सीजीडीएफ के प्रदेश अध्यक्ष डा. हीरा सिंह लोधी ने बताया कि संगठन के प्रति समर्पित, सक्रिय और योग्य सदस्य इन पदों के लिए अपनी रुचि और दावेदारी प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में फेडरेशन का विस्तार किया जाएगा। इससेसंगठन की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से संचालित किया जा सकेगा और डॉक्टरों की समस्याओं एवं हितों की आवाज़ को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

निजी फार्मेसी कॉलेजों में बिना परीक्षा प्रवेश का दावा अवैधः आईपीए

रायपुर। छत्तीसगढ़ में फार्मेसी शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र-हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध इण्डियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच ने राज्य के कुछ निजी शिक्षण संस्थानों और निजी विश्वविद्यालयों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे अवैध प्रवेश विज्ञापनों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने तकनीकी शिक्षा संचालनालय नया रायपुर में एक शिकायत दर्ज कराकर दोषी संस्थानों पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई और भारी जुर्माना लगाने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव फार्मासिस्ट राहुल वर्मा ने बताया कि जगदलपुर और भिलाई के संस्थानों द्वारा बिना परीक्षा सीधे प्रवेश का भ्रम फैलाया जा रहा है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग के नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने अभिभावकों और छात्रों से अपील की है कि वे किसी भी निजी संस्थान के बहकावे में न आएं। फार्मेसी में प्रवेश केवल और केवल शासकीय काउंसलिंग और पीपीएचटी परीक्षा के माध्यम से ही लें, ताकि आपका भविष्य और समाज का स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रहें।

रेलवे स्टेशन-बस टर्मिनल में लगी नशामुक्ति प्रदर्शनी

रायपुर। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल और रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर एक दिन के लिए नशामुक्ति आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बस टर्मिनल भाठागांव में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन महापौर मीनल चौबे और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। साथ में ब्रह्माकुमारी भावना, ब्रह्माकुमारी चंद्रकला, ब्रह्माकुमारी निधि और ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा दीदी उपस्थित थीं। इसी तरह रेलवे स्टेशन में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़, रेल मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) राकेश सिंह और रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया।

क्वींस क्लब ऑफ इंडिया नए प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी केंद्र के रूप में होगा विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने राजधानी रायपुर स्थित क्वींस क्लब ऑफ इंडिया के विकास, संचालन एवं रखरखाव के लिए लाइसेंस आधार पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड में एजेंसी नियुक्त करने महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित की है।

इस परियोजना के तहत रायपुर में उच्च स्तरीय हॉस्पिटैलिटी एवं स्वास्थ्य क्लब की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसमें स्कॉश कोर्ट, टेनिस कोर्ट, जिम, स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन हॉल, बिलियर्ड रूम तथा टेबल टेनिस हॉल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। आवास मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह परियोजना रायपुर को एक नए प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, साथ ही राज्य में निजी निवेश, रोजगार सृजन और गुणवत्तापूर्ण शहरी अधोसंरचना विकास को नई गति देगी।

इनडोर स्पोर्ट्स, जिम, स्वीमिंग पूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी

क्लब परिसर भी होगा विकसित निवेशकों के लिए आकर्षक केंद्र

उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत क्लब परिसर का व्यापक आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे इसे एक आधुनिक, प्रीमियम एवं बहुउद्देशीय हॉस्पिटैलिटी एवं वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने बताया कि बेहतर सड़क संपर्क एवं शहर के महत्वपूर्ण एवं प्रमुख क्षेत्रों से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण यह स्थान निवेशकों एवं उपयोगकर्ताओं के लिए आकर्षक केंद्र साबित होगा।

एलडीओटी मॉडल के तहत विकसित होगी परियोजना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि परियोजना को लाइसेंस, डेवलप, ऑपरेट एवं ट्रांसफर (एलडीओटी) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित योजना के अनुसार क्लब की वर्तमान सुविधाओं का संचालन एवं प्रबंधन किया जाएगा तथा टेनिस कोर्ट क्षेत्र के रिक्त स्थान पर लगभग 61 कमरों वाले आधुनिक आवासीय एवं हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में लगभग 25 करोड़ का निवेश अनुमानित है, जिससे न केवल अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास होगा, बल्कि दीर्घकालीन राजस्व सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा भी मिलेगा। परियोजना की लाइसेंस अवधि 20 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें अतिरिक्त 10 वर्ष के विस्तार का प्रावधान भी रहेगा।

सांसद-विधायक की सदस्यता पूर्ववत रहेगी

आवास मंत्री ने यह भी कहा कि क्वींस क्लब ऑफ इंडिया में विशेष आवास योजना के अंतर्गत सांसद एवं विधायक वर्ग के 108 सदस्यों की विशेष सदस्यता पूर्ववत जारी रहेगी, जिससे वर्तमान सदस्यों के हित सुरक्षित रहेंगे।

16 श्रेणियों की सेवाओं में चूक पर सीधे पेनाल्टी

सड़क पर रेत ईंट-गिट्टी डंप करने के एक माह में 100 प्रकरण, गीला-सूखा कचरा अलग करने में भी कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के दस जोन में 100 अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने सड़क अवरोध कर निर्माण सामग्री बिखेरी, इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

- महीनेभर में 468 लोगों पर 5 लाख की पेनाल्टी

नगर निगम ने जोनवार सड़क पर रेत, गिट्टी और ईंट डंप करने वालों को 5 लाख रुपए ई चालान भेजकर पेनाल्टी वसूली है। 1 से 30 मई तक करीब 468 ई चालान अलग-अलग श्रेणियों की सेवाओं में चूक करने संबंधित उपभोक्ता को भेजकर पेनाल्टी वसूली गई। इनमें से सबसे ज्यादा 100 ई-चालान सड़क अवरोध के हैं। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग-अलग नहीं करने वाले, निर्माण के दौरान स्थल पर ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों को ई चालान भेजा गया।

दरअसल, नगर निगम की 16 श्रेणियों में चूक करना लोगों को अब महंगा पड़ने लगा है। निगम के स्वास्थ्य से जुड़ी 13 और नगर निवेश से जुड़ी 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई-चालान को डिजिटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर ई-चालान भेजा जा रहा है। पिछले एक माह में करीब 468 ई -चालान अलग-अलग श्रेणी की सेवाओं में चूक करने भेजी गई और संबंधित उपभोक्ता से कुल 5 लाख से अधिक ई-चालान की राशि वसूल की गई।

इनमें सबसे ज्यादा ई-चालान सड़क अवरोध के हैं, इनकी संख्या 100 दर्ज की गई, जबकि गीला और सूखा कचरा की छंटाई नहीं करने पर 101 लोगों को ई-चालान भेजकर जुर्माना किया गया। यही नहीं, अतिक्रमण करने पर और घर, दुकानों का कचरा नाली और सार्वजनिक स्थानों पर डालने वालों को ई-चालान भेजा गया। नगर निगम के एप में बनाए गए ई पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से तय होकर आ रही है। इस रकम में किसी प्रकार की घट-बढ़ नहीं हो पाती। नगर निवेश से संबंधित सड़क पर भवन निर्माण सामग्री बिखेरना, खुले में मलबा छोड़ना, भवन निर्माण के दौरान ग्रीन नेट न लगाया जाना और संपत्ति विरूपण की स्थिति पर ई-चालान किया जा रहा है। यही नहीं खुले में कचरा फैलाने वाले पर नगर निगम की नजर है। इसमें पहले अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई-चालान पैटर्न विकसित किया गया है। यानी जुर्माने के लिए मेनुवल रसीद बंद कर ई-चालान का सिस्टम शुरू किया गया है।

पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान

नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के अलावा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल है, जिसकी साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान को इसमें जोड़ दिया गया है। इस स्थिति में चालान की रकम को भरने में नागरिक देर करता है, तो सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। इस ई-चालान को लोगों के घरों में लगाए गए डिजिटल डोर नंबर प्लेट के साथ कनेक्ट किया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नाबालिग बालिका से दुष्कर्म मामले में निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़ित परिवार को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं भाजपा नेत्री और रायपुर जिला पंचायत सभापति सरोज चंद्रवंशी भी शामिल थीं। धरसीवा थाना अंतर्गत सिलियारी चौकी क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म के गंभीर मामले में पुलिस अधीक्षक श्वेता सिंह को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि घटना 18 अप्रैल की बताई जा रही है, किंतु मामले में समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण पीड़ित परिवार को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। इस दौरान मांग की गई कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही सिलियारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे की भूमिका की जांच कर उन्हें तत्काल निलंबित किए जाने की मांग भी की गई।

जनप्रतिनिधि को चौकी प्रभारी की धमकी निंदनीयः बंजारे

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले को उठाए जाने से बौखलाकर सिलियारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे ने जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेत्री सरोज चंद्रवंशी के निवास पहुंचकर उन्हें धमकी दी। बताया गया कि चौकी प्रभारी ने सभापति सरोज चंद्रवंसी के किसी पुराने मामलों का हवाला देते हुए एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी, जो एक जनप्रतिनिधि को डराने-धमकाने का प्रयास है।

चौकी प्रभारी को निलंबित करने की मांग

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं जिला पंचायत सभापति सरोज चंद्रवंशी ने पुलिस अधीक्षक श्वेता सिन्हा से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की है।

प्रो.शाहिद अली की पुनः नियुक्ति को लेकर जारी है विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने हटाया, लेकिन विवि ने दे दी एंट्री! भड़के छात्रों का बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पत्रकारिता विवि में मंगलवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। यहां एबीवीपी ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन, कुलपति कार्यालय का घेराव किया। एबीवीपी ने विवि में प्रशासनिक अनियमितताओं, छात्र विरोधी नीतियों एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। अभाविप ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सेवा समाप्ति की कार्यवाही के बावजूद पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद अली को बिना किसी वैधानिक आदेश के पुनः विश्वविद्यालय में प्रवेश दिया गया है। साथ ही वर्ष 2019 में डॉ. शैलेंद्र खंडेलवाल की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी प्रश्न उठाते हुए इसकी जांच की मांग की गई। परिसर में लगभग 7 करोड़ की लागत से निर्मित नए ऑडिटोरियम की हालत जर-जर हो चुकी है। निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त करते हुए एबीवीपी ने इसकी भी तकनीकी जांच की मांग की है।

- मामला पत्रकारिता विवि का, मंगलवार दोपहर रही गहमागहमी की स्थिति

बदले जा रहे पाठ्यक्रम के नाम

प्रदर्शन के दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रम के नाम परिवर्तित किए जाने से उत्पन्न भ्रम, परीक्षा अवधि में लगातार विद्युत बाधित होने, छात्रावास में दूषित पेयजल, मेस की निम्न गुणवत्ता, खेल सुविधाओं के अभाव, बस परिवहन की अव्यवस्था एवं विद्यार्थियों के लिए स्टूडियो सुविधाओं के उपयोग न होने जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री अनंत सोनी ने कहा, सेवा समाप्ति के आदेश के बाद भी किसी व्यक्ति को विवि में कार्य करने की अनुमति प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

इंडक्शन इस्तेमाल की अनुमति

छात्रावासों में शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, निर्धारित स्थान पर इंडक्शन उपयोग की अनुमति तथा करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित स्टूडियो को विद्यार्थियों के लिए तत्काल संचालित करने की मांग भी की गई। अभाविप के महानगर मंत्री सुजल गुप्ता ने कहा, करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित ऑडिटोरियम उद्घाटन से पूर्व ही क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पहुंच गया है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है। घंटों चले प्रदर्शन एवं घेराव के पश्चात कुलसचिव ने विद्यार्थियों से जुड़ी अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद ही छात्रों का विरोध-प्रदर्शन समाप्त हुआ। सुमय, हर्षित कौर, मन साहू, संकल्प राजकमल, रिद्धिमा वर्मा सहित अन्य छात्र प्रदर्शन में शामिल रहे।

संत माता कर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी, मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक में निर्णय

पांच को प्रदर्शन, सात वार्डों के कांग्रेसी कार्यकर्ता करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवपुरी गुरुद्वारा में 5 जून को जोन 10 कमिश्नरी के सात वार्डों के लिए लगाए जा रहे सुशासन तिहार का कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा इस दिन घेराव कर सुशासन तिहार के विरोध में प्रदर्शन होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में राशि नहीं आने, महतारी वंदन के नाम से केवाइसी में लोगों को हो रही परेशानी और बुजुर्गों को पिछले 1 साल से लंबित मासिक पेंशन को लेकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व, पंकज शर्मा के मार्गदर्शन और संत माता कर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हीरेंद्र देवांगन की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

- देवपुरी में सुशासन तिहार का विरोध
- पीएम आवास हितग्राहियों के खाते में पैसा नहीं आ रहा, महतारी वंदन के केवाईसी में दिक्कत

रायपुर नगर निगम द्वारा जोनवार लगाए जा रहे सुशासन तिहार की कड़ी में 5 जून को जोन 10 क्षेत्र स्थित देवपुरी गुरुद्वारा में सुशासन तिहार शिविर आयोजित है। शिविर में 7 वार्ड के रहवासी शासन की विभिन्न योजनाओं और जन समस्या को लेकर आवेदन करेंगे। शिविर लगने से पहले इसका विरोध होना शुरू हो गया है। मंगलवार को संत माता कर्मा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मंडल कांग्रेस कमेटी, वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 5 जून को भाजपा शासन के सुशासन तिहार जोन 10 का देवपुरी गुरुद्वारे में आयोजन को लेकर घेराव करने रणनीति बनाई गई। कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा और हीरेंद्र देवांगन ब्लाक अध्यक्ष, हरदीप कौर, मोहन साहू, यवनेश जोशी, सहदेव व्यवहार, तुलाराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने यह बात रखी कि पहले भी सुशासन तिहार लगाया गया उसमें आज तक लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया, अब दोबारा सुशासन तिहार का औचित्य क्या है? बैठक में जोन के सभी वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई गई।

थोक में 30, चिल्हर में 40 रुपए किलो

गर्मी में टमाटर की लोकल फसल को मिल रहा अच्छा भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी वाले टमाटर की लोकल फसल भी अंतिम चरण पर है। सिहावा और नगरी में कई किसान गर्मी में फसल ले रहे हैं। इनको भी अच्छा भाव मिल रहा है। अब इनकी फसल भी ज्यादा समय के लिए नहीं बची है। इसके बाद बाहर के टमाटर के भरोसे ही पूरा प्रदेश चलेगा। इस समय थोक में टमाटर के दाम 30 रुपए और चिल्हर में 40 रुपए हैं। इधर चिल्हर में दूसरी सब्जियों में भी भारी लूट है।

- चिल्हर में सब्जियों में भी बड़ी लूट, थोक से दाम डेढ़ से दो गुना ज्यादा

थोक से चिल्हर में दाम डेढ़ से दो गुना ज्यादा हैं। टमाटर का अपने राज्य में भारी उत्पादन होता है। इसकी फसल दीपावली से प्रारंभ होकर अप्रैल तक आती है। ऐसे में इसके दाम आमतौर पर दिसंबर से कम होकर थोक में 2 से 3 रुपए और चिल्हर में 5 से 7 रुपए हो जाते हैं। अब तो अप्रैल से लगातार बाहर के टमाटरों के साथ सिहावा और नगरी के लोकल टमाटर भी गर्मी में आ रहे हैं। इसकी ज्यादातर खपत धमतरी और आस-पास में ज्यादा होती है। एक-दो ट्रक माल रायपुर भी आता है। इस समय लोकल फसल को 600 से 700 रुपए का दाम प्रति क्रेट मिल रहा है। बाहर का टमाटर इससे करीब सौ रुपए ज्यादा है। इसके दाम 800 रुपए क्रेट हैं।

गर्मी में नहीं होती ज्यादा फसल

सब्जी कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में गर्मी में टमाटर की लोकल फसल बहुत कम होती है। यहां का मौसम ज्यादा गर्म होने के कारण अभी फिलहाल नगरी और सिहावा में ही कुछ किसान फसल लगा रहे हैं। यहां पर दूसरे स्थानों से मौसम थोड़ा कम गर्म रहता है। यहां के किसानों को अप्रैल से जून के पहले पखवाड़े तक अपनी फसल के अच्छे दाम मिल जाते हैं।

सब्जियों में ऐसी लूट

सब्जियों के दाम में थोक और चिल्हर में जमीन आसमान का अंतर है। पत्ता गोभी थोक में 10-12 रुपए किलो है। इसके चिल्हर में दाम 30 रुपए किलो हैं। फूल गोभी थोक में 15 से 20 चिल्हर में 30 से 40 रुपए, भिंडी थोक में 20 से 25, चिल्हर में 40 से 50 रुपए किलो, खीरा थोक में 10 से 12 रुपए चिल्हर में 30 रुपए किलो, लौकी थोक में 12 से 15 रुपए चिल्हर में 30 रुपए किलो, कोचाई थोक में 25 से 30 रुपए चिल्हर में 60 रुपए किलो, करेला थोक में 15 से 20 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए किलो बिक रहा है। धनिया थोक में 30 से 40 रुपए और चिल्हर में 80 से 100 किलो बिक रहा है। ढेस थोक में 40 से 50 और चिल्हर में 80 से 100 रुपए किलो है। नीबू थोक में बड़ी साइज वाला थोक में पांच रुपए नग है, यह चिल्हर में दस रुपए बिक रहा है। छोटी साइज का नीबू चिल्हर में 5 से 7 रुपए में बिक रहा है।

VIPRA PUBLIC SCHOOL REQUIRES TEACHERS
Behind Ravi Shankar University, Dumar Talab, RAIPUR (C.G.)

Interested candidates efficient to teach through English medium are invited to send their application against the vacancies mentioned below. Qualification desired as per the Govt. norms.

S.No.	Subject	Grade
1	English, Commerce, Maths, Economics, Physics, Chemistry, Biology, Computer	PGT
2	English, Hindi, Maths, Science, Social-Science, Sanskrit	TGT
3	English, Hindi, Maths, Science, Sanskrit	PRT
4	Foundation classes	PPT
5	Special Educator	PRT
6	Librarian	PRT
7	Wellness Tr.	PRT

Interested candidates, who are graduate/post-graduate and have completed B.Ed. course are requested to send their application in a sealed envelope on or before 20th June 2026 to the address given below. Please attach copies of your testimonials and a passport size photograph.
(Only Post-graduate with B.Ed. candidates will be considered for the posts mentioned in Sl. No.1).
Candidates fluent in English will be given priority.
(The undersigned reserves right to reduce or increase vacancies).
Kindly visit our web site www.viprapublicschool.org

President
Chhattisgarh Yuva Vikas sangathan Shikshan Samiti,
Vipra Public School, Behind R.S. University,
Dumar Talab, Raipur (C.G.) - 492001

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक एक ...

लाइव इवेंट

ग्रैंड फिनाले में महिलाओं और बच्चों ने दिखाया टैलेंट

रायपुर। अंबुजा मॉल में एआर इवेंट्स द्वारा आयोजित मिसेज छत्तीसगढ़ एवं किड्स लिटिल आईकॉन छत्तीसगढ़-2026 सीजन-6 का ग्रैंड फिनाले संपन्न हुआ। इस इवेंट में महिलाओं और बच्चों ने अपने टैलेंट, आत्मविश्वास और रैंप वॉक से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का आयोजन एआर इवेंट्स के राहुल कुकरेजा द्वारा किया गया, जबकि सभी प्रतिभागी महिलाओं और बच्चों को रैंप पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राहुल कुकरेजा और प्रार्थना गोस्वामी द्वारा विशेष रूप से ग्रूमिंग दी गई थी। मिसेज छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता को दो अलग-अलग वर्गों में बांटा गया था, जिसमें प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के पहले राउंड में महिलाओं ने ट्रेडिशनल परिधानों में अपनी संस्कृति की झलक दिखाई, जबकि दूसरे फॉर्मल राउंड में अपने कॉन्फिडेंस का परिचय दिया।

किड्स आइकॉन में मासूमियत और टैलेंट का दिखा संगम

महिलाओं के साथ-साथ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी 'किड्स लिटिल आइकॉन' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बच्चों के लिए भी दो राउंड रखे गए थे। पहले क्रिएटिव राउंड में बच्चों ने अलग-अलग डिजाइन की बेहद आकर्षक और रचनात्मक ड्रेसेस पहनकर सबका मन मोह लिया, जबकि दूसरे फॉर्मल राउंड में उनका अंदाज और आत्मविश्वास देखने लायक था। जजेस के फैसले के बाद किड्स केटेगरी के ग्रुप ए में हसन मलिक और मोहिता देवांगन ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं ग्रुप बी में पार्थ हिंदुजा और पूर्वी वर्मा विनर बनकर उभरे। इस आयोजन ने शहर की महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का एक बेहतरीन राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान किया।

सिटी इवेंट

गूंजी कल्याणी फाइटर्स की आवाज बच्चों के किया नुक्कड़ नाटक

रायपुर। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राजेंद्र प्रसाद चौक, खुर्सीपार में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान आमजनों को जागरूक करने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर कल्याणी संस्था द्वारा संचालित कल्याणी फाइटर्स समूह के बच्चों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। वहां उपस्थित स्थानीय समुदाय ने नशे के दुष्प्रभावों को स्वीकार करते हुए बच्चों के अभिनय और इस अनूठी पहल की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान संस्था के निदेशक अजय कल्याणी, स्थानीय पार्षद मीरा बंजारे, सुखीराम जांगड़े, अनविका, निमय, टी. सान्हवी, टी. श्रेयाली, महक, आरुषि, आर्यन, युवराज, संघप्रिया, सोनाली, दामिनी, मुस्कान, निशा, गोपाल, यामिनी, अनिल और ओमप्रकाश का योगदान रहा।

भूजल वैज्ञानिक घर व भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने कर रहे प्रेरित

जलसंकट की गंभीर समस्या का सरल समाधान चाहें तो लोग हर साल बचा लें 96 हजार लीटर पानी

पानी की गंभीर समस्या से निजात पाना है तो घर व भवनों की छतों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करें। जल संरक्षण को लोग जितना जटिल समझ रहे हैं, उसका उतना ही सरल समाधान है। लोग चाहें तो अपने 1000 स्क्वायर फीट एरिया की छत से हर साल बारिश के दिनों में अपने लिए सालभर के लिए 96 हजार लीटर पानी बचा सकते हैं। ये कहना है शहर के जाने माने भूजल वैज्ञानिक एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एक्सपर्ट डॉ. विपिन दुबे का।

रायपुर। डॉ. दुबे ने बताया कि घरों व भवनों की महज 3 फीट की जगह पर मात्र 20 हजार रुपए खर्च कर बेहतर वार्टर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया जा सकता है। इससे सालाना एक मकान से 96 हजार पानी का वाटर रीचार्ज होगा और अगर हर परिवार अपने घर पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित कर ले तो वह अपनी जरूरत का पानी, जिसे वह नलकूप व बोरवेल से भूजल से खर्च कर रहा है, उसकी भरपाई हो सकेगी। इस एक पहल से निम्न भूजल स्तर जैसी समस्या कभी नहीं होगी। इस तरह से लोग चाहे तो जलसंकट की गंभीर समस्या का सरल समाधान से निस्तारी, पेयजल, सिंचाई के लिए पानी की किल्लत से सदा के लिए छुटकारा पा सकते हैं।

सोसायटियों में मीटिंग लेकर कर रहे प्रेरित

भूजल वैज्ञानिक एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एक्सपर्ट डॉ. विपिन दुबे ने बताया कि वे शहर की सोसायटियों में समिति के साथ मीटिंग कर मकान व भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें अपनाने प्रेरित कर रहे हैं। इसके अलावा शिक्षण संस्थाओं में भी विद्यार्थियों को भी पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देकर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विकास व फायदे बता रहे हैं। उन्होंने बताया कि मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने का सरकारी नियम भी है। इसके बावजूद 100 में से 10 प्रतिशत लोग भी अपने मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाते। ऐसे में उनको इस दिशा में जागरूक व प्रेरित करने का प्रयास जारी है।

15 से 20 हजार तक की मामूली लागत से तैयार

रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विशेषज्ञों के मुताबिक, एक घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए अधिकतम 15 से 20 हजार रुपए तक का खर्च आता है, जबकि इसके फायदे का कोई मोल नहीं है। इस प्रकार हर कोई अपने घरों की छतों का पानी बारिश के दिनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से सरल व कम लागत में सहेजकर गर्मी के दिनों में गिरते भूजल स्तर व पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से बच सकता है।





ऐसे तैयार करें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

एक्सपर्ट के अनुसार, घर के छत से बरसात के पानी को वाटर हार्वेस्टिंग से संग्रहित व संचयन करने दो तरह के वैज्ञानिक विधि का उपयोग किया जाता है। पहली विधि, इसमें छत से जो पीवीसी पाइप नीचे उतारा जाता है, जबकि दूसरी विधि है, वाटर रिचार्ज वेल का निर्माण करने पीवीसी पाइप से छत से उतरने वाले पानी के लिए 8 फुट गड्ढे बनाकर उसमें आरसीसी रिंग डाली जाती है, फिर इन गड्ढों में फिल्टर मीडिया जैसे ईंट, बोल्डर, कोयला व रेत की फिलिंग की जाता है, जिससे पानी रिसकर मिट्टी की सांद्रता से होकर भूमि में चला जाता है। इसे वाटर रिचार्ज वेल कहते हैं।

न्यूयॉर्क पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट के प्रोफेसर ने कहा- रिसर्चर वैश्विक नेटवर्क से बढ़ेंगे नवाचार

रायपुर। एनआईटी में अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार को संस्थान के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ एकेडमिक एंड रिसर्च कोलैबोरेशन परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य वैश्विक शोध साझेदारियों को सुदृढ़ करना तथा अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एनवी रमना राव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में सरकार समर्थित अनुसंधान पहलों एवं सहयोगात्मक परियोजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वभर के संस्थानों के बीच प्रभावी समन्वय ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करता है, संयुक्त अनुसंधान प्रस्तावों को प्रोत्साहित करता है तथा नवाचार एवं शोध उत्पादकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एनवी रमना राव निदेशक, एनआईटी, मुख्य वक्ता डॉ. जाहिद अख्तर सहायक प्राध्यापक स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट अमेरिका रहे। इसके साथ ही कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया सहित विभाग के संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मानव संसाधन के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी

मुख्य वक्ता डॉ. जाहिद अख्तर ने अपने व्याख्यान में आज के परस्पर जुड़े हुए वैश्विक परिवेश में अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जटिल वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए सीमाओं से परे ज्ञान-साझाकरण और बहु-विषयक साझेदारियों की आवश्यकता होती है। नवाचार को बढ़ावा देने में उद्योग-अकादमिक साझेदारी बेहद महत्वपूर्ण है, जो शोधकर्ताओं को वैश्विक नेटवर्क से सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है और उनके शोध कार्यों की प्रभावशीलता एवं वैश्विक पहचान में वृद्धि करता है। यह अगली पीढ़ी के मानव संसाधन के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है।

स्टूडेंट्स और विशेषज्ञों ने साझा की प्रश्नोत्तर

संगोष्ठी का समापन एक रोचक प्रश्नोत्तर सत्र साथ हुआ। यह कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग को आगे बढ़ाने संबंधी विचारों के सार्थक आदान-प्रदान का सफल मंच सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. एनके नागवानी और डॉ. प्रीति चंद्राकर द्वारा किया गया।

चौपाल समर कैम्प समापन समारोह आज, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

रायपुर। वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में चौपाल समर कैम्प का समापन समारोह बुधवार को सुबह 10 बजे आयोजित किया गया है। बुजुर्गों की चौपाल समाजसेवी युवा संस्था द्वारा संचालित चौपाल समर कैम्प पिछले एक माह से आयोजित हो रहा है। इस समर कैम्प में बच्चों एवं महिलाओं को बेसिक कम्प्यूटर, डांस एवं जुम्बा, पेंटिंग, मेहंदी, सिलाई तथा पार्लर प्रशिक्षण जैसी उपयोगी एवं रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाओं को निखारना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों द्वारा अपनी कला एवं कौशल का प्रदर्शन भी किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल

संस्था के अध्यक्ष प्रशांत पाण्डेय ने बताया कि यह समर कैम्प समाज में सकारात्मक परिवर्तन एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं मीडिया प्रतिनिधियों से समारोह में उपस्थित होकर बच्चों एवं महिलाओं का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

पहले दिन रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच होगी भिड़ंत, 9 बजे से शुरू होगा मैच

रायपुर में आज से शुरू होगा सीसीपीएल, मौनी रॉय की लाइव परफॉर्मेंस, रायपुर और राजनांदगांव के बीच पहला मुकाबला

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आज से छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, सीसीपीएल के तीसरे सीजन की धमाकेदार शुरुआत होने जा रही है। शाम 6.30 उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड की अभिनेत्री मौनी राय लाइव प्रस्तुति देंगी। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा, जिसमें कलाकार मनमोहक प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 7 बजे मैच शुरू होगा।

रायपुर। उद्घाटन मुकाबला रायपुर रायनोज और राजनांदगांव पैंथर्स के बीच होगा, जिसे देखने के लिए बीसीसीआई के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि इस बार टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी और 14 जून तक क्रिकेट का रोमांच दर्शकों को बांधे रखेगा। आयोजकों ने इस सीजन को और खास बनाने के लिए खेल के साथ मनोरंजन और आकर्षक पुरस्कारों की भी व्यवस्था की है। स्टेडियम में दर्शकों के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा।

कैच पकड़ने वाले दर्शकों को आकर्षक ईनाम

पिछले साल की तरह सीसीपीएल इस बार भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी खास होने वाला है। दर्शकों के लिए सामान्य स्टैंड में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। मैच में कैच पकड़ने वाले दर्शकों को पिछले साल की तरह आकर्षक ईनाम भी दिए जाएंगे। इसके अलावा आयोजकों ने स्टेडियम में मैच देखने आने वाले लोगों के लिए 10 विशेष पुरस्कारों की घोषणा की है। पहले पुरस्कार के रूप में दोपहिया वाहन दिया जाएगा, जबकि अन्य विजेताओं को नकद राशि प्रदान की जाएगी।

छह टीमों के बीच होगी खिताब की जंग

इस बार टूर्नामेंट में रायपुर राइनोज, राजनांदगांव पैंथर्स, सरगुजा टाइगर्स, रायगढ़ लायंस, बस्तर बायसंस और बिलासपुर बुल्स जैसी छह टीमें भाग ले रही हैं। लीग चरण के मुकाबले 3 जून से 10 जून तक खेले जाएंगे। इसके बाद 12 जून को क्वालीफायर और एलिमिनेटर मुकाबले होंगे। 13 जून को दूसरे चरण का नॉकआउट मैच खेला जाएगा, जबकि 14 जून की शाम फाइनल मुकाबले के साथ सीसीपीएल 3 का विजेता तय होगा।

मैच में ये रहेगा खास

इस वर्ष लीग में पहली बार डिसीजन रिव्यू सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खिलाड़ी अंपायर के निर्णय को चुनौती दे सकेंगे। लीग के सभी मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। इस संस्करण में सभी कमेंटेटर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होंगे और मैचों के सीधे प्रसारण को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए संघ द्वारा अनुभवी व प्रसिद्ध कमेंटेटरों की टीम उपलब्ध रहेगी। लीग के मैचों का लाइव स्कोर, पॉइंट टेबल, लीडरबोर्ड, फिक्स्चर तथा लीग से संबंधित अन्य सभी जानकारियों के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग वेबसाइट तथा मोबाइल एप भी उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, संघ के विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों पर भी लगातार जानकारियां उपलब्ध होंगी। सीसीपीएल के इस संस्करण में अंपायरिंग के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए बीसीसीआई पैनल के अंपायरों की नियुक्ति की गई है।

एजुकेशन अलर्ट

5 जून को रायपुर में रोजगार मेला दिव्यांगजनों के लिए सुनहरा अवसर

रायपुर। विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए 5 जून 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. शशि अतुलकर, उपसंचालक रोजगार, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर ने बताया कि यंग इंडिया के तत्वावधान में यह रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज बैरन बाजार रायपुर में आयोजित होगा। रोजगार मेले में अस्थिबाधित, बौने, कम सुनने वाले (श्रवण यंत्र की सहायता से) तथा देखने में कठिनाई वाले (चश्मे की सहायता से) दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। मेले में क्रेडालिस कैपिटल प्रा. लि., आई ट्रेड टेलीमेटिक्स निगरानी जीपीएस, रामा उद्योग प्रा. लि., बारबरिक ट्रांसफॉर्मर्स, अविनाश डेवलपर्स प्रा. लि., स्काई ऑटोमोबाइल (मारुति नेक्सा) एवं विश्वभारती ऑटोमोबाइल प्रा. लि. रायपुर सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी।

11 हजार से 30 हजार तक का वेतन

रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता एवं पद के अनुसार प्रतिमाह 11 हजार रुपए से लेकर 30 हजार तक वेतन प्रदान किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का कार्यक्षेत्र रायपुर एवं सिलतरा रहेगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के ऐसे इच्छुक दिव्यांगजन, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है तथा जो बिना व्हीलचेयर के चलने-फिरने में सक्षम हैं, रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की मूल एवं छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमांक 0771-4044081 पर संपर्क किया जा सकता है।

● 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी यात्रा, शहर से 30 जून को रवाना होगा पहला जत्था

अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक एक हजार से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन, जुलाई का स्लॉट फुल, अगस्त के लिए पंजीयन शुरू

हर साल अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले यात्रियों का जत्था बढ़ रहा है। इस बार 3 जुलाई से यात्रा शुरू होनी है। जुलाई के स्लॉट के लिए अब तक एक हजार से ज्यादा भक्तों ने पंजीयन कराया है। वे अलग-अलग माध्यमों से कश्मीर पहुंचेंगे और अमरनाथ की यात्रा करेंगे। 28 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए बैंक और ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। हर साल अमरनाथ यात्रा में जाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बताया कि उन्हें जुलाई में रजिस्ट्रेशन नहीं मिल पाया, इस वजह से वे यात्रा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

रायपुर। जुलाई के अधिकांश स्लॉट लगभग भर चुके हैं, जबकि अगस्त की उपलब्ध तारीखों में पंजीयन हो रहा है। वहीं अगस्त के पहले सप्ताह की बुकिंग चल रही है। अधिकांश लोग 12 अगस्त के पहले तक की बुकिंग चाह रहे हैं। इसके बाद की सीटों पर बुकिंग धीमी है।

दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख तक

वेबसाइट पर श्राइन बोर्ड द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार देशभर में अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। यात्रा के पहलगाम और बालटाल मार्ग से यात्रा होती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए इस बार अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने दो फैसले लिए हैं। पहला-दुर्घटना बीमा राशि दोगुनी कर दी गई है। श्राइन बोर्ड ने यात्रा में पंजीकृत तीर्थ यात्रियों, पुजारियों और सेवा प्रदाताओं के लिए दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया है। मौसम की मार और कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पुराने कपड़ों के टेंटों के स्थान पर फाइबर और लोहे से बने आधुनिक प्रीफैब यूनिट तैयार किए जा रहे हैं। दुर्ग से चैनसुख भट्टर और उनके सहयोगियों द्वारा सेवाएं दी जाती है। शिव शक्ति सेवा मंडल चीचा वाले के नाम से यह संस्था लंगर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करती है। यात्रा 3 जुलाई से बालटाल-सोनमर्ग और पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग से शुरू होगी। 57 दिन की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी। रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए थे।



मेडिकल कराया लेकिन रजिस्ट्रेशन अब तक नहीं हो पाया

गिरधारी नगर निवासी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बताया कि उनकी 10 सदस्यीय टीम ने मेडिकल करा लिया है, लेकिन अब तक रजिस्ट्रेशन स्लॉट तय नहीं हो पाया है। इस वजह से दर्शन मिलना संभव नहीं हो पा रहा है, लेकिन वे पहलगाम तक जाएंगे, यदि रजिस्ट्रेशन मिलता है, तो दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। इसी प्रकार बैगापारा निवासी दादू अहीर अपने पांच सदस्यीय परिवार के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए होने वाले हैं। उन्हें 8 जुलाई का रजिस्ट्रेशन मिला है। इसी प्रकार खोमेंद्र अहीर अपनी 20 सदस्यीय टीम के साथ दर्शन के लिए जुलाई में रवाना होंगे। इस प्रकार दुर्ग और भिलाई से बड़ी संख्या में लोग इस बार अमरनाथ यात्रा में जाने की तैयारी में हैं।

10 से 12 फीट तक बर्फ जमी

रजिस्ट्रेशन पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की तय शाखाओं के जरिए हो रहा है। खबर है कि मार्ग में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है।

सिटी लाइव

लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय को मिला पर्यावरण चैंपियन अवार्ड-2026 का खिताब

रायपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र नारायणपुर को पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026 से नवाजा गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए राष्ट्रीय गौरव विषय है कि 100 से अधिक नामांकनों में देश की चुनिंदा 9 संस्थाओं में लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ने स्थान बनाया। पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण, जैविक कृषि, वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरूकता एवं जनसहभागिता आधारित पर्यावरणीय अभियानों में उत्कृष्ट एवं नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय को इस अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड देहरादून में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित "पर्यावरण चैंपियन अवार्ड 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित नमामि गंगे परियोजना तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

पर्यावरणविदों ने की सराहना

समारोह के दौरान सभी चयनित प्रतिभागियों एवं संस्थाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जैवविविधता संवर्धन, वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वीडियो प्रस्तुति प्रदर्शित की गई। लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय, नारायणपुर द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों एवं उपलब्धियों को उपस्थित विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों एवं प्रतिभागियों द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई। यह सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह रावत प्रख्यात पर्यावरणविद, मैती आंदोलन के प्रणेता एवं जल-जंगल-जमीन संरक्षण के राष्ट्रीय प्रेरणास्रोत, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मधुरी बर्थवाल सुप्रसिद्ध लोकगायिका लोकसंस्कृति संवाहक एवं उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की सशक्त प्रतिनिधि के करकमलों से प्रदान किया गया।

युवाओं ने समझे व्यापार में सफलता के मंत्र ऑनलाइन बाजार की चुनौतियों का जाना समाधान

रायपुर। माहेश्वरी समाज के युवा उद्यमियों व व्यापारियों को मार्गदर्शन देने मंगलवार को शंकर नगर स्थित विमतारा में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक निलेश मुंदड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आरआर केबल के चेयरमैन त्रिभुवन प्रसाद काबरा उपस्थित हुए। श्री काबरा ने कहा कि माहेश्वरी समाज में जन्म लेना ही सौभाग्य की बात है, माहेश्वरी समाज हमेशा सेवा और त्याग के लिए पहचाना जाता है। देशभर में चल रहे ट्रस्ट, अस्पताल, मंदिर में माहेश्वरी समाज का विशेष योगदान है, यह समाज व्यापार के साथ हमेशा सेवा करने की भावना रखता है। वही अखिल भारतवर्षीय युवा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या एवं पूर्व युवा राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण सोमानी सहित कमल ऑयल के सुनील मुंदडा,आरती ग्रुप के चेयरमैन छगन मुंदडा, श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर गणेश भट्टड़, आनंद इंफ्रास्ट्रक्चर के एमडी चतुर्भुज राठी, इन्लैंड वर्ल्ड लॉजिस्टिक्स के एमडी प्रवीण सोमानी व शुभम पॉलिस्पिन के फाउंडर अनिल सोमानी युवा व्यापारियों को बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से हो रही चुनौतियों से निपटने के रास्ते एवं सफल उद्योग संचालित करने हेतु विशेष मार्गदर्शन दिया।

कठिनाइयों का हल निकाल अपने ब्रांड को बड़ा बनाना है

शंकर नगर स्थित विमतारा में सेमिनार

कार्यक्रम में तकरीबन 300 से अधिक माहेश्वरी युवाओं उद्यमी शामिल हुए, जहां बड़ी संख्या में महिला उद्यमी भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का उद्देश्य माहेश्वरी समाज के युवाओं को व्यापार में सफलता प्राप्त करने में मदद करना एवं कठिनाइयों को बारीकी से समझ उसका हल निकाल अपने ब्रांड को बड़ा बनाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रमुख रूप से राजीव मुंदड़ा,अशोक मुंदड़ा, राज बागड़ी, सीए अमित राठी, गौरव दम्मानी, कृष्णा लखोटिया, राकेश सोमानी, ललित सोमानी, रमेश झांवर, ऋषभ चांडक, शरद सारडा, कृतिका नत्थानी, विद्या काबरा, प्रदीप माहेश्वरी, सिद्धांत डागा, देवेश बागड़ी का विदेश योगदान रहा।

आदिकाल से घर की सीमाओं में बंधी स्त्री आज हर तरह से स्वतंत्र

रायपुर। नव छत्तीसगढ़ साहित्यिक सांस्कृतिक संस्थान की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में स्त्री विमर्श एवं संभावना विषय पर राज्य स्तरीय गंभीर परिचर्चा और काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने संदेश दिया कि आज की स्त्री केवल सहानुभूति की पात्र नहीं है, बल्कि वह सशक्त होकर युग निर्मात्री और नीति निर्धारक बन चुकी है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद सच्चिदानंद मिश्रा ने कहा कि संतानोत्पत्ति की विराट शक्ति स्त्री को सृष्टि निर्माता बनाती है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध चिंतक एवं लेखक संजीव कुमार ठाकुर ने स्त्री विमर्श पर गहरी पड़ताल करते हुए कहा कि आज स्त्री पुरुषों के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने खड़ी है। आदिकाल से घर की सीमाओं में बंधी स्त्री आज हर तरह से स्वतंत्र और नई उड़ान के लिए पूरी तरह सक्षम है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा रानी प्रधान ने मां को औरत का श्रेष्ठ व चरम रूप बताया। डॉ. विभाषा मिश्रा ने भूमंडलीकरण के दौर में स्त्री-विमर्श को महिलाओं के स्वत्व की पहचान कहा। पूर्व आईजी जयंत थोरात, डॉ. रोज मीना कुजूर और कवि योगेश शर्मा ने भी स्त्री की सामाजिक चेतना व आत्मनिर्भरता पर महत्वपूर्ण विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सुमन शर्मा बाजपेई, सुनीता यादव मेधा और रुनाली चक्रवर्ती ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव शशांक खरे ने किया।

वृंदावन हॉल में स्त्री विमर्श एवं संभावना विषय पर राज्य स्तरीय गंभीर परिचर्चा और काव्य गोष्ठी

60 कवियों ने कविताओं से किया स्त्री शक्ति को नमन

परिचर्चा के बाद काव्य सत्र का आयोजन हुआ, जिसका शानदार संचालन रुनाली चक्रवर्ती ने किया। इसमें लगभग 60 कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ीं। कवयित्री निवेदिता वर्मा ने ना मायूस हो जिंदगी से कभी..., प्रमोद पतले ने आओ हम अच्छे मित्र बन जाएं..., सीमा पांडे ने यह आंखों का पानी यह दिल का धुआं... और सुमन शर्मा ने सागर की रवानी का क्या कहिए... जैसी पंक्तियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. वितरंजन कर, माधुरी कर, मंजू सराओगी, एन.पी. विश्वकर्मा और रश्मि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर के साहित्यकार उपस्थित रहे।

एजुकेशन अपडेट

प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 4 जून को, 9.30 से पहले पहुंचना होगा केंद्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 4 जून को प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा एक पाली में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को प्रातः 9.30 बजे से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य है। कलेक्टर ने परीक्षा आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय डीके कॉलेज बलौदाबाजार केंद्र में 360 अभ्यर्थी, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 360, पं. चक्रपाणी शुक्ल हाईस्कूल में 360, पं. लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हाईस्कूल में 240, एमडीवी बलौदाबाजार में 240, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन में 360, शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में 300, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सकरी में 180, अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल में 360, शासकीय जीएनए महाविद्यालय भाटापारा में 309 एवं शासकीय बहुद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा में 108 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

साइंस सेंटर में टॉय-टेक साइंस कैम्प में खिलौनों के माध्यम से विज्ञान सीख रहे विद्यार्थी

कागज के हवाई जहाज से वायुगतिकी और बैलेंसिंग टॉय से संतुलन के विज्ञान को समझा

कार्नर न्यूज

रायपुर। साइंस सेंटर में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता, खेल और नवाचार का अनूठा मंच मिल रहा है। समर सीजन में टॉय-टेक साइंस कैम्प का आयोजन किया गया है, जहां खिलौनों के माध्यम से विद्यार्थी विज्ञान सीख रहे हैं। मंगलवार को दो दिवसीय टॉय-टेक साइंस कैम्प की शुरुआत हुई। हंड्स-ऑन सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने कागज से हवाई जहाज तैयार किया तथा इसके माध्यम से वायुगतिकी, सममिति, स्थिरता एवं वायु प्रतिरोध जैसी वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझा। विद्यार्थियों ने विभिन्न डिजाइन के हवाई जहाज बनाकर उनके उड़ान प्रदर्शन का परीक्षण भी किया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने संतुलन खिलौना तैयार किया, जिसके माध्यम से उन्हें द्रव्यमान केंद्र एवं संतुलन के सिद्धांतों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थानों पर भार लगाकर यह समझा कि किसी वस्तु की स्थिरता उसके द्रव्यमान केंद्र की स्थिति पर निर्भर करती है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को सौर सेल की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने सरल प्रयोगों एवं प्रदर्शनों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार सूर्य के प्रकाश को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है तथा इसका उपयोग सौर पैनल, स्ट्रीट लाइट, कैलकुलेटर एवं अन्य उपकरणों में किया जाता है। विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा के महत्व एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की उपयोगिता को भी समझा।

विद्यार्थियों में जबर्दस्त उत्साह

इस कैंप में विद्यार्थियों की जबर्दस्त उत्साह देखने को मिली। यह कैंप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को यह समझाया कि दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले साधारण खिलौनों के पीछे भी विज्ञान, डिजाइन, अभियांत्रिकी एवं रचनात्मकता के महत्वपूर्ण सिद्धांत कार्य करते हैं।

दृश्य सूचनाओं की व्याख्या को समझा

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने प्रकाश एवं दृष्टि से संबंधित रोचक गतिविधियों के माध्यम से दृष्टि भ्रम की अवधारणा को समझा तथा यह जाना कि हमारी आंखें और मस्तिष्क दृश्य सूचनाओं की व्याख्या किस प्रकार करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स सत्र में विद्यार्थियों को विद्युत परिपथ की मूल अवधारणाओं से परिचित कराया गया तथा सरल उपकरणों के माध्यम से विद्युत प्रवाह एवं ऊर्जा के उपयोग को समझाया गया।

आज जानेंगे अभियांत्रिकी डिजाइन

कार्यशाला के आगामी सत्रों में विद्यार्थियों को विभिन्न विज्ञान आधारित खिलौनों, सरल इलेक्ट्रॉनिक्स, अभियांत्रिकी डिजाइन तथा नवाचार गतिविधियों से परिचित कराया जाएगा, जिससे वे खेल-खेल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की गहरी समझ विकसित कर सकें।

हेल्थ टिप्स

बेसबॉल में बालकों ने गोल्ड व बालिकाओं ने हासिल किया सिल्वर

रायपुर। भुवनेश्वर (ओडिशा) में 24 से 29 मई तक आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर बेसबॉल क्रीडा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार सफलता हासिल की। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के आशीष जांगड़े ने छत्तीसगढ़ की बालक वर्ग की टीम में शामिल होकर उत्कृष्ट पीचिंग का प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत बालक वर्ग ने देश में प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) प्राप्त किया। इसी प्रकार, हर्षिता ने भी छत्तीसगढ़ की बालिका वर्ग की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार पीचिंग दिखाया और बालिका वर्ग ने देश में द्वितीय स्थान (सिल्वर मेडल) हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के श्रेय खिलाडी अपनी नियमित खेल प्रशिक्षण को देते है, टीम का दारोमदार पिचर पर निर्भर करता है। पिचर आशीष जांगड़े शासकीय स्कूल खम्हारडीह से हैं जिन्होंने स्कूली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता मे अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इसी स्कूल की हर्षिता ने भी यही उपलब्धि हासिल की है। स्कूल के प्राचार्य व खेल शिक्षक ने जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के नियमित खेल प्रशिक्षण शिविर योजना को इस उपलब्धि का श्रेय दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा है कि कठिन परिश्रम और खेल भावना की बदौलत यह मुकाम मिला है। यह जानकारी सहायक जिला खेल अधिकारी छाया प्रकाश राव ने दी।

रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 7 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 7 जून को किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40) हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में रायपुर जिला के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 5 जून को शाम 07.00 बजे तक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम शाम 6 से 8 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी एवं प्रवीण निरापुरे के समक्ष लिखा सकते हैं। प्रतियोगिता लीग पद्धति में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा 06 जून को शाम 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जाएगा। उपरोक्त जानकारी आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

तीन दिवसीय योग शिविर में जुटे प्रदेश भर के साधक

भिलाई। स्वामी रामदेव के शिष्य एवं पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव के सानिध्य में भिलाई में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क योग एवं पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश भर के साधक जुटे। इस अवसर पर आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के लिए निर्धारित योग प्रोटोकॉल का सामूहिक अभ्यास भी कराया गया। 30, 31 मई और एक जून को आयोजित शिविर के दौरान गुरुकुल समर कैंप के बच्चों ने यौगिक नृत्य एवं श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का सस्वर पाठ कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। स्वामी परमार्थ देव ने आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान, सक्षम एवं राष्ट्रनिष्ठ बनाने के लिए भारतीय शिक्षा बोर्ड से जुड़ने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित सांसद विजय बघेल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि वे अपने संसदीय क्षेत्र में योग को तहसील एवं ग्राम स्तर तक पहुँचाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ दिलाने हेतु कार्ययोजना बनाकर उसे जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए तत्पर हैं। स्वामी परमार्थ देव ने आगामी 28 जून से प्रारंभ हो रहे 25 दिवसीय सहयोगी योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए अधिकाधिक लोगों को पंजीयन कराने एवं योग के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान 102 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु अपनी रुचि व्यक्त करते हुए पंजीयन कराया।

इस मौसम में क्या खाएं और क्या नहीं, इसे लेकर सचेत रहना जरूरी

मानसून दस्तक दे रहा, खान-पान को लेकर बरतें सावधानी वरना पड़ सकते हैं मुश्किल में

देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून बस आने को है। ये मौसम भीषण गर्मी से राहत दिलाने वाला माना जाता है, पर मानसून अपने साथ कई प्रकार की बीमारियों को लेकर भी आता है। हालांकि मानसून अभी आया नहीं है लेकिन सेहत और खान-पान को लेकर आपकी तैयारी अभी से होनी चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसून के दौरान सेहत के लेकर विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। क्या खाएं-क्या नहीं इस बात को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है। खान-पान में बरती गई असावधानी फूड पॉइजनिंग जैसी पाचन से संबंधित दिक्कतों का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मानसून के दिनों में डायरिया, कब्ज और अपच जैसी पाचन स्वास्थ्य से संबंधित जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। फूड पॉइजनिंग से बचाव को लेकर उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं, मानसून में पाचन संबंधित समस्याएं क्यों बढ़ जाती हैं और इससे बचाव के लिए आहार संबंधित किन बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

मानसून में फूड पॉइजनिंग का खतरा

फूड पॉइजनिंग बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी से दूषित खाद्य या पेय पदार्थों के कारण होने वाली समस्या है। आहार विशेषज्ञ गरिमा चावला बताती हैं, गर्मियों से लेकर मानसून तक का समय कई प्रकार के संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ाने वाला माना जाता है। इस दौरान खाद्य जनित संक्रमण का जोखिम सबसे अधिक देखा जाता है जिसके कारण फूड पॉइजनिंग हो सकती है। मानसून के दौरान खुले में या लंबे समय तक रखे गए भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस पनपने लगते हैं जिससे पाचन स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक अस्पताल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ अमित सिंह बताते हैं, बरसात के दिनों में सब्जियों-फलों को अच्छी तरह से धोकर और साफ करके ही खाना चाहिए। मानसून में बाहर खाने-पीने से बचना चाहिए। स्ट्रीट फूड, ज्यादा तेल वाली चीजें पाचन स्वास्थ्य के लिए समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि मानसून के दिनों में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं?

क्या खाना चाहिए?

मानसून के दौरान कुछ चीजों को आहार में शामिल करना लाभकारी हो सकता है। आहार में प्रोबायोटिक्स शामिल करें: दही, छाछ जैसी चीजों का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। प्रोबायोटिक्स वाली चीजें गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं जिससे हमारा पाचन तंत्र ठीक रहता है।

हाइड्रेशन जरूरी: पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पाचन संबंधित समस्याओं और विषाक्तता से बचे रहने के लिए उबाल कर ठंडा करके पानी पिएं।

क्या नहीं खाना चाहिए?

मानसून के दौरान होने वाली समस्याओं से बचे रहने के लिए कच्ची सब्जियां खाने से बचें। कच्ची सब्जियों के बजाय उबली हुई या अच्छे से पकाकर ही सब्जियां खाएं। पत्तेदार साग खाने से भी इस मौसम में बचा जाना चाहिए। पत्तियों के बीच नमी के कारण इनमें विषाणुओं के पनपने का खतरा रहता है। साग खाने से बचना चाहिए।

बच्चे को सिखाना है साफ-सुथरा रहना, तो अपनाएं आसान टिप्स

माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों में साफ-सफाई की अच्छी आदतें डालें, क्योंकि ये उनकी सेहत और लाइफस्टाइल, दोनों से जुड़ी हैं। बच्चे कुछ बड़े क्या होते हैं कि खुद से नहाने की जिद करने लगते हैं। आप जब उन्हें नहलाती हैं तो उनकी साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखती हैं। लेकिन वे खुद से इस उम्र में सही तरह से नहीं नहा सकते, जिससे उन्हें कई तरह की बीमारियों का खतरा हो सकता है।

हाथों की सफाई

सेहतमंद रहने के लिए हाथों की सफाई बहुत जरूरी है। हमारे हाथों पर कई तरह के बैक्टीरिया और वायरस होते हैं। ये बैक्टीरिया और वायरस हमारे शरीर के भीतर सबसे आसानी से हाथों से ही पहुंचते हैं। इसलिए बच्चों को कम उम्र से ही अपने हाथों को साफ रखना जरूर सिखाएं। उनमें आदत डालें कि वे खाना खाने से पहले और बाद में हाथों को अच्छी तरह साफ करें। वे खेलने, जानवरों को छूने, रोगियों से मिलने और बाहर से घर आने के बाद अच्छी तरह साबुन से अपने हाथों को साफ करें।

दांतों पर ध्यान

बच्चों के दांत आने के बाद आप उन्हें सही तरीके से उनकी सफाई करना सिखाएं। इसके अलावा कुछ भी खाने के बाद कुल्ला करना, सोने से पहले ब्रश करना और कोई भी ऐसी-वैसी चीज मुंह में लेने से मना करें। दांतों को साफ रखने की आदत उन्हें कैविटी से बचाएगी। साथ ही बच्चों में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की आदत डालें। इससे उनके मुंह से बदबू नहीं आएगी और वे दिन भर हाइड्रेट भी रहेंगे।

वॉशरूम में

टॉयलेट भी ऐसी जगहों में से एक है, जहां से सबसे ज्यादा बीमारियां फैलती हैं। इसलिए आप बच्चों को छोटी उम्र से ही साफ तरीके से टॉयलेट यूज करना सिखाएं, ताकि उन्हें कोई बीमारी न लगे। आप उन्हें बताएं कि टॉयलेट को बिना गंदा किए इस्तेमाल करें, साथ ही टॉयलेट जाने के बाद खुद को कैसे साफ करें और हाथों को किस प्रकार अच्छी तरह से धोएं।

काटती रहें नाखून

एक उम्र के बाद बच्चे आपसे नहाने में शर्माने लगते हैं। इसलिए उनमें रोज नहाने की आदत डालें और इस दौरान उन्हें शरीर की साफ-सफाई, जैसे कि हाथ, पैर, बाल, और अन्य अंगों की सफाई किस तरह करनी चाहिए, यह जरूर सिखाएं। बच्चों के नाखूनों को समय-समय पर काटती रहें और उनमें नाखूनों को छोटे रखने की ही आदत डालें। इस आदत से खेलते या खाते समय उनके नाखूनों में गंदगी या बैक्टीरिया जमा नहीं हो सकेंगे। किशोरवय बच्चियों पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। उन्हें सेनेटरी नैपकिन के इस्तेमाल और सफाई के बारे में जरूर बताएं।

चाय के साथ खिलाएं खस्ता और कचौड़ी

गर्मागर्म चाय के साथ चटपटा नाश्ता करने की चाह किसे नहीं होती है। अब हर दिन पकोड़े खाना मुमकिन नहीं, ऐसे में कुछ अलग अलग व्यंजनों और उनकी आसान रेसिपीज के बारे में जान लीजिए। आप थोड़ी सी दाल भिगोकर रख सकते हैं। मूंग दाल कई स्नेक्स बनाने के काम में आ सकती है।

इस बार मूंग दाल से खस्ता कचौरी बनाने की आसान विधि जान लीजिए। इस विधि से गेंहू के आटे की बाजार जैसी खस्ता कचौड़ी बनाई जा सकती है। इसके इसके लिए आटे में सूजी मिलाकर गूंद लें। ये कचौड़ी की क्रिस्पी बना देगा। वहीं मैदे की कचौरी बहुत खस्ता बन सकती है। इसलिए अपने स्वाद के मुताबुकि दोनों ही आटे से कचौड़ी बना सकते हैं।

कचौड़ी बनाने की विधि

भीगी हुई मूंग की दाल को मिक्सी में दरदरा पीस लें। अब मैदा या गेहूं के आटे में सूजी मिलाकर एक चम्मच तेल और स्वादानुसार नमक डालकर आटा गूंथ लें। गूंथे हुए आटे को कपड़े से ढककर रख दें।

कचौड़ी की स्टफिंग

कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें जीरा, सौंफ, धनिया पाउडर, कुटा हुआ साबुत धनिया, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और बेसन को मिलाकर धीमी आंच पर भून लें। अब इस मिश्रण में दरदरी पिसी दाल डालकर अच्छे से मिक्स करते हुए पका लें। फिर अमचूर और स्वादानुसार नमक मिला पकाएं।

लॉन्ड्री पर खर्च करने की नहीं है जरूरत घर पर ही आसानी से कीजिए ड्राई क्लीन

ड्राई क्लीन का खर्च कितना महंगा होता है ये बताने की आवश्यकता नहीं। कई बार तो ड्राई क्लीन के लिए लॉन्ड्री में दिए गए कपड़े समय पर मिलते भी नहीं। ये सब ड्राई क्लीन प्रक्रिया नहीं जानने के कारण होता है। अगर आप घर पर ड्राई क्लीन करना जानते हैं तो इससे कपड़ों की सफाई पर होने वाले खर्च और समय दोनों को बचा सकते हैं। इससे पहले आप ड्रेस को आयरन करने का देसी जुगाड़ भी जान चुके हैं। कोट पैंट, विंटर जैकेट, स्वेटर, स्वेटशर्ट इत्यादि को आप अपने हाथों से अच्छी तरह साफ कर सकते हैं। इन कपड़ों को साफ करना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है। लेकिन आपको ड्रेस ड्राई क्लीन करने की सही जानकारी होनी चाहिए। अगर आपको जानकारी है तो कॉटन, पॉलिस्टर, नायलोन, एक्रेलिक फैब्रिक वाले कपड़ों को घर पर ही अच्छी तरह साफ कर सकेंगे।इतना ही नहीं अगर इन कपड़ों पर दाग भी लग गए हैं तो भी उनको ड्राई क्लीन के लिए कहीं और देने की जरूरत नहीं है।

ड्रेस ड्राई वॉश करने का आसान तरीका

कपड़ों को घर पर ड्राई क्लीन करने का आसान तरीका यही है कि सबसे पहले आप उपरोक्त जानकारी के अनुसार तैयारी कर लें। साथ ही डिटर्जेंट इत्यादि अच्छी क्वालिटी के ही खरीदें। इसके बाद आप आगे की प्रक्रिया फॉलो करें। कपड़ों पर लगे लेबल पर लिक्विड / पाउडर डिटर्जेंट, हॉट एंड कूल वॉटर आदि की जानकारी लिखी होगी। उसी के अनुसार उनको पानी में भिंगोएं। इसके बाद उनको कम से कम 10-20 मिनट के लिए छोड़ दें।

हाथ से ड्राई क्लीन करें

अब आप बाल्टी में डाले गए कपड़े को हाथ से धोएं। इसके लिए ब्रश या किसी अन्य हार्ड सामान का उपयोग न करें। जैकेट के कॉलर और कफ अधिक गंदे हो जाते हैं इसलिए उनको हल्के हाथों से रगड़कर साफ करें। इस तरह से आप कॉलर व अन्य जगहों पर जमे मैल को साफ कर सकते हैं।

कपड़ों को ड्राई क्लीन करने से पहले क्या करें

किसी भी प्रकार की ड्रेस को ड्राई क्लीन करने से पहले कुछ बातों को अच्छी तरह समझ लें। इसके बाद ही कपड़ों की सफाई करें। अगर आप इन बातों को इग्नोर करेंगे तो कपड़े खराब हो सकते हैं। ड्रेस पर लगे लेबल पर लिखी जानकारी को पढ़ें।कपड़े की फैब्रिक के हिसाब से डिटर्जेंट यूज करें।कपड़ें को धोने से पहले उनकी पॉकेट को चेक करें।ड्राई वॉश के लिए यूज होने वाली चीजों को पहले एक जगह रख लें।अलग-अलग कलर की जैकेट या अन्य ड्रेस को एक साथ बाल्टी या मशीन में न डालें।गर्म पानी के लिए मना किया गया है तो उपयोग न करें।

ड्राई क्लीन के लिए यूज होने वाले डिटर्जेंट

ड्राई क्लीन के लिए यूज होने वाले डिटर्जेंट की जानकारी ड्रेस के साथ लगे लेबल पर होती है। वैसे आप ऊनी ड्रेस के लिए लिक्वीड डिटर्जेंट का इस्तेमाल ही करें। इसी तरह आप ड्राई वॉश के लिए अन्य प्रकार के केमिकल का उपयोग ड्रेस के हिसाब से कर सकते हैं।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन एफ्लेक का टैटू, इंटरनेट पर वायरल



सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स' मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था।

लेकिन अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।'बेन एफ्लेक ने भी उसी समय एक मैचिंग टैटू बनवाया था, जिसमें दो क्रॉस एरो के साथ 'J' और 'B' लिखा था। हालांकि, अब यह साफ नहीं है कि उनके पास वह टैटू अभी भी है या नहीं।

टॉलीवुड

राम चरण बोले- 'पेद्दी'हर किसी को प्रभावित करेगी, बताया जमीनी फिल्म

तेलुगु स्टार राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच फिल्म को लेकर राम चरण का कहना है कि 'पेद्दी' की कहानी ग्रामीण पहचान पर आधारित है और उन्हें विश्वास है कि यह हर पीढ़ी के लोगों को पसंद आएगी। राम चरण ने कहा कि यह तीन खेलों का संगम है। यह एक क्रॉसओवर एथलीट की तरह है। यह एक बेहद जमीनी फिल्म है, यह हमारी मिट्टी की कहानी है और मुझे ऐसी जमीनी और प्रेरणादायक कहानी का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर किसी को प्रेरित करेगी।झे लगता है कि आम तौर पर हमें जिम्मेदार होना पड़ता है, चाहे वह 'आरआरआर' हो या कोई और फिल्म। हर फिल्म को हम पूरी ईमानदारी और उसी जोश के साथ करते हैं, जैसा हमने पिछली हिट फिल्मों के लिए किया था। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि यह कोई अतिरिक्त दबाव है। हम हर फिल्म के साथ यही करते हैं। फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर भी इस दौरान मौजूद थीं। अपने किरदार को लेकर जान्हवी का कहना है कि मुझे लगता है कि यह मुझे उत्साहित करता है और मेरे काम का यही हिस्सा मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। जहां आपको अपने कम्फर्ट जोन से बाहर की चीजों को एक्सप्लोर करने का मौका मिलता है। जान्हवी बिना किसी दबाव के हर प्रोजेक्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं काम पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश कर रही हूं और इसे जिम्मेदारी की तरह देखती हूं, दबाव की तरह नहीं। मेरा मानना है कि हर अवसर को अपना सर्वश्रेष्ठ देना और जो भी काम कर रही हूं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना जिम्मेदारी है। दबाव ऐसी चीज है जिस पर मैं ध्यान नहीं देना चाहती। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेद्दी' में पेद्दी को एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में दिखाया गया है, जो क्रिकेट, कुश्ती और दौड़ जैसी कई खेलों में महारत हासिल करके अपनी रोजी-रोटी कमाता है। गांव के हर बच्चे का चहेता, पेद्दी की बढ़ती लोकप्रियता एक जमींदार को परेशान करती है।

भोजपुरी

अक्षय के साथ काम करके फूली नहीं समा रहीं अक्षरा, फैंस से की गुजारिश

अभिनेत्री अक्षरा सिंह, अक्षय कुमार के साथ काम करके काफी खुश हैं। उन्होंने अभिनेता के साथ अपने नए गाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह हाल ही में रिलीज हुए अपने गाने 'घिस घिस घिस' को लेकर चर्चा में हैं। इस गाने में वह बॉलीवुड के मशहूर एक्टर अक्षय कुमार के साथ नजर आई हैं। यह गाना अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का है। इस गाने को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री ने अक्षय कुमार के साथ एक फोटो शेयर की है और एक पोस्ट लिखी है। अक्षरा सिंह गाना पसंद करने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया है। अभिनेत्री ने तस्वीर के साथ लिखा 'एक कलाकार के लिए इससे खूबसूरत एहसास शायद कुछ नहीं होता। घिस घिस घिस गाना पसंद करने के लिए धन्यवाद। आप लोगों का दिल से शुक्रिया। हमेशा याद रहेगा ये प्यार। इस गाने पर सिर्फ व्यू नहीं मिले बल्कि प्यार मिला, कमेंट मिले, यह सब दिल तक पहुंचे। इतने अपने लोग साथ खड़े हैं, इतना प्यार दे रहे हैं सच में बहुत खुश और कृतज्ञ महसूस कर रही हूं। आपको बता दें कि 'घिस घिस घिस' गाने में अक्षय कुमार ने अक्षरा सिंह के साथ डांस किया है। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में कई कलाकार हैं। मुख्य कलाकारों में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी और जैकी श्रॉफ शामिल हैं।

आउटडोर फ़ैशन

उपयोगिता और स्ट्रीट-रेडी स्टाइल के बीच आउटडोर फ़ैशन एक बेहतरीन संतुलन बनाता है।यह एक ऐसा चलन है जो टेकवियर के बढ़ते प्रभाव से प्रेरित है। आउटडोर के लिए कपड़े पहनने का आधुनिक नज़रिया स्मार्ट लेयरिंग, मौसम-रोधी कपड़ों और मज़बूत डिज़ाइनों पर केंद्रित है, जो शहर में भी उतने ही अच्छे लगते हैं जितने कि पहाड़ों की पगडंडियों और खेतों की मेड़ पर।

गोल्डन लटकन के डिजाइंस हैं सबसे खास

बाजार में रेडीमेड कपड़े मिलते हैं उसमें कोई भी लटकन को लगा दिया जाता है। इससे कई बार ड्रेस अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप अपनी पसंद की गोल्डन लटकन लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट सुंदर लगेगा।

गोल्डन बीड्स वाली लटकन

अगर आप सूट, साड़ी के ब्लाउज या लहंगे में लगाने के लिए लटकन सर्च कर रही हैं, तो इसके लिए आप इन बीड्स वाली लटकन लगा सकती हैं। इसे आप पीछे बैक डिजाइन वाली डोरी पर भी लगा सकती हैं। साथ ही, आगे अगर आप डोरी डिजाइन के लिए लगा रही हैं, तो उसपर भी इस तरह की लटकन को लगा सकती हैं।

गोल्डन बटन डिजाइन वाली लटकन

आप कुछ नया ट्राई करने के लिए इस बटन डिजाइन वाले लटकन को भी अपने आउटफिट में लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट फैंसी लगेगा। इसमें आपको बटन और बीड्स के साथ लटकन का डिजाइन मिलेगा। इसे आप ब्लाउज में लगा सकती हैं। साथ ही, लहंगा या अन्य आउटफिट में इसे लगा सकती हैं।

मिरर वर्क लटकन डिजाइन

अगर आपको अपने आउटफिट को फैंसी बनाना है, तो इसके लिए आप इस मिरर वर्क वाली लटकन को लगा सकती हैं। इसमें आपको राउंड से लेकर स्क्वेयर डिजाइन में यह लटकन मिल जाएगी। जिसे आप सूट, साड़ी के ब्लाउज और लहंगे में लगा सकती हैं।

मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस आपके मन भाएंगे

पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो कुछ लेटेस्ट डिजाइन आप एक बार ट्राई कर सकती हैं। जब मंगलसूत्र डिजाइन का चुनाव करने की बारी आती है, तब हम बहुत ही कंफ्यूज हो जाते हैं। हमें बहुत सारी बातों का ध्यान रखना पड़ता कि मंगलसूत्र हैवी हो या लाइट, उसकी कीमत हमारे बजट में हो और दिखने में सबसे अलग भी नजर आए।

अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकता पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे।

लिपस्टिक को फ्रिज में रखना कितना जरूरी, जानिए यहां

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं। ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं? लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं और सभी टेक्सचर को हम फ्रिज में नहीं रख सकते हैं। अक्सर गर्मी के मौसम में हम ज्यादातर क्रेयॉन या वैक्स लिपस्टिक को पिघलने से बचाने के लिए फ्रिज में रखना पसंद करते हैं। इसके अलावा लिप्स को गर्मी के मौसम में ठंडक देने के लिए भी लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए? मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं। किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए?

पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं हैक्स

40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹

क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं। आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं।

ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं। इस मिश्रण को आप लगा छोड़ सकती हैं। इससे भी डार्क स्पॉट्स कम होंगे और आंखों में चमक भी बढ़ेगी।

कार्नर न्यूज

पुरुषों के लिए फैशन में ऑप्शन कम, चुनें सावधानी से

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाइए स्टाइलिश और मिनिमल लुक, भरी महफिल में मुड़-मुड़ कर देखेंगे लोग

कुछ फैशन जेंडर न्यूट्रल होते है। जिसमें आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। ऐसे मौके पर पुरुष इन्हें अपना सकते हैं जब उनके पास विकल्प कम हो। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते

हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए-सस्पेंडर बेसबॉल कैप स्कार्फ बेल्ट जैकेट के लिए पिन टाई सनग्लासेस

3.ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं।

लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं। लेकिन हां, इन टी शर्ट के साथ ब्लू जींस पहनकर आप ऊब चुके हैं तो आप ग्रे जींस भी चुन सकते हैं। ग्रे जींस के साथ हलके रंग की टी शर्ट ही नहीं डार्क कलर की टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। ग्राफिक का लुक आप खुद ही चुन सकते हैं। इस लुक पर फ्लोरोसेंट कलर वाली टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। इसलिए अगर अभी तक आप इन रंगों को पहनने से बचते थे तो अब ऐसा न कीजिए। अब इनको भी लुक में आराम से शामिल कीजिए।

बरमूडा के साथ हवाईयन शर्ट

वो गोवा वाली शर्ट तो आपको याद ही होंगी, जो आपने खासतौर पर इस ट्रिप पर पहनी थीं। इस शर्ट को ही हवाईयन शर्ट कहते हैं। ये वही शर्ट है जो किसी एक जेंडर की बात नहीं कहती है बल्कि ये तो जेंडर न्यूट्रल होती हैं। इन शर्ट को आप बरमूडा के साथ पहनें। ये ड्रेस आप दोस्तों के साथ हैंगआउट करते हुए भी पहन सकते हैं और यूंहीं घर पर मस्ती करते हुए भी।